
खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 13 सितंबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –305 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



# देश-विदेश

## आसाराम बापू की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। पीठ ने कहा कि अगर निचली अदालत द्वारा याचिकाकर्ता के दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर शीघ्र सुनवाई नहीं की जाती है तो वह सजा निलंबित करने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष नई याचिका दायर कर सकता है।

## मोनू मानेसर हरियाणा में गिरफ्तार

### 14 दिन की हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया है। मोनू पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। मोनू को उसी के गांव मानेसर की मार्केट से पकड़ा गया। मोनू को गिरफ्तारी के बाद नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, मगर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया। मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इस केस में वह पिछले 8 महीने से फरार था।

**राजस्थान पुलिस को सौंपा** – मोनू की गिरफ्तारी का पता चलते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट पहुंच गई। मोनू को जेल छोड़ने पहले ही राजस्थान पुलिस को उसका ट्रांजिट रिमांड मिल गया। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया। उसे लेकर राजस्थान पुलिस रवाना हो गई है।

## केरल में निपाह वायरस से दो की मौत

**तिरुवनंतपुरम, ( एजेंसियां )।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज मंगलवार को कोझिकोड पहुंचीं, जहां कथित तौर पर निपाह वायरस से संक्रमित होने के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। राज्य विधानसभा का सत्र चलने के बावजूद मंत्री कोझिकोड पहुंचे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे मौतों के कारणों की जांच कर रहा है और नतीजों का इंतजार है। रिपोर्ट को संबोधित करते हुए, जॉर्ज ने कहा कि कोझिकोड वायरस के लिए अलर्ट पर है और सभी प्रोटोकॉल लागू हैं और आवश्यकता पड़ने पर लागू किए जाएंगे।

उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने से




पहले कहा, हम पांच नमूनों के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि शुरुआत में जब कोई मौत हुई थी, तो इसे अन्य कारणों से हुई प्राकृतिक मौत के रूप में देखा गया था। लेकिन फिर जल्द ही मृत व्यक्ति के नौ वर्षीय बेटे को

### कोझिकोड में निपाह वायरस का 'अलर्ट'

बुखार हो गया और एक अन्य को भी बुखार के कारण भर्ती कराया गया है। जब हिस्ट्री खंगाली गई तो अधिकारियों को कुछ संदेह हुआ। इसलिए हम अब परीक्षण के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं।'

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमने स्थिति का जायजा लेने और इससे निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजी है।


**In The Court of XXII Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
विश्वेश्वरी मिश्रा
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000111/2023)
तामती बाई परस्ते ..........आवेदक
Vs
चमरू सिंह ककोटिया ...........अनावेदक
Process Id- /2023
पेशी दि.:- 20/10/2023
प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
( 2 ) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तामती बाई परस्ते पता ग्राम- ददरगवां, पोस्ट-ददरगवां, तह. कुण्डम, जिला-जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक तितरी बाई निवासी 34 कुडेहरदुली, हरदुली कालान, तह. कुण्डम, जबलपुर (म.प्र.) की बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सिविल लाईन जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 06 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने बावत की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर(म.प्र.)**
र.नं. 1157



**In The Court of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000729/2023)
बी सीताराव .........वादी
Vs
महाप्रबंधक गन केरिज फेक्ट्री जबलपुर......प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांक:-11/10/2023
प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी बी सीताराव ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए वादपत्र वास्ते घोषणा हेतु वाद मूल्यांकन 500 अंकन पांच सौ रूपये न्याय शुल्क 500 पांच सौ रूपये के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 11सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ सिवल सूट ए वादपत्र वास्ते घोषणा हेतु वाद मूल्यांकन 500 अंकन पांच सौ रूपये न्याय शुल्क 500 पांच सौ रूपये की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**( फरहान एम. कुरैशी )**
**21वें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर ( म.प्र. )**
र.नं. 1154


## कमल के फूल और खाकी रंग को नई ड्रेस में मिली जगह

# नई संसद में नई ड्रेस में नजर आएंगे कर्मचारी

### निफ्ट द्वारा डिजाइन की है नई ड्रेस, गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहनेंगे

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** 18 सितम्बर से शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। इस विशेष सत्र के दौरान संसद भवन के कर्मचारी भी नई ड्रेस में नजर आएंगे। संसद के इस विशेष सत्र में संसद के सभी पुरुष और महिला कर्मचारी नई ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारियों की ड्रेस यहां तक कि जूते तक को बदल दिया गया है। नई ड्रेस में कमल के फूल और खाकी रंग को भी तवज्जो दी गई है। संसद भवन के कर्मचारियों के लिए यह नई ड्रेस निफ्ट द्वारा डिजाइन किया गया है। अब सचिवालय के कर्मचारी बंद गले के सूट की बजाय मेजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहने नजर आएंगे।



संसद भवन के टेबल ऑफिस के स्टाफ यानी सदन में स्पीकर के सामने बैठने वाले स्टाफ भी इसी ड्रेस में नजर आएंगे। इनकी शर्ट भी गहरे गुलाबी रंग की होगी, जिन पर कमल का फूल बना होगा और ये कर्मचारी अब खाकी रंग की पैंट पहने नजर आएंगे।

**मार्शल मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे**–दोनो सदनों के मार्शल भी नई संसद में मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे। इसके साथ ही संसद भवन के अन्य सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदल दी गई है। अब ये सुरक्षाकर्मी सफारी सूट की बजाय सैनिकों की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस पहने नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसा कि पहले हुआ करती थी। पहले दिन पुराने भवन में संसद भवन के निर्माण से लेकर आजाद भारत के 75 वर्षों की यादों पर चर्चा हो सकती है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधिवत ढंग से पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा।

**विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी**–अमृत काल के समय में मोदी सरकार ने संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। 18 से 22 सितंबर के दौरान आयोजित होने वाले संसद के इस विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोक सभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी इस विशेष सत्र को लेकर पहले ही यह उम्मीद जता चुके हैं कि अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में उन्हें संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सरकार नए संसद भवन में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने पर भी विचार कर रही है।


**– सूचना–**

संस्था के माननीय समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निम्न शाखा करेली से संबंधित संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सभी संस्था कार्यालयों में निर्धारित दिनांक एवं समयानुसार निम्नानुसार की जावेगी जिसमें सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय हैं-

| क्र. | संस्था का नाम | आयोजन दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.करेली | 19/9/2023 | 2:00 बजे |
| 2 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.आमगांव | 19/9/2023 | 11:00बजे |
| 3 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.मोहद | 20/9/2023 | 2:00 बजे |
| 4 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.बघुवार | 20/9/2023 | 11:00 बजे |
| 5 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.सासबहु | 21/9/2023 | 2:00 बजे |
| 6 | प्रा.वृहताकार सह.स.मर्या.रांकईपिपरिया | 21/9/2023 | 11:00 बजे |
| 7 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.शाहपुर | 22/9/2023 | 2:00 बजे |
| 8 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.मडेसुर | 22/9/2023 | 11:00 बजे |
| 9 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.लिंगा | 23/9/2023 | 2:00 बजे |
| 10 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.सिमरिया | 23/9/2023 | 11:00 बजे |
| 11 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.डुंगरिया | 24/9/2023 | 2:00 बजे |
| 12 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.बारहा | 24/9/2023 | 11:00 बजे |
| 13 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.करपगांव | 26/9/2023 | 12:00 बजे |
| 14 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.सिल्हेटी | 26/9/2023 | 2:00 बजे |
| 15 | प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या.कोदसा | 27/9/2023 | 12:00 बजे |

नोटः-सभी संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा संस्था कार्यालय में होगी।
**समिति प्रबंधक**
**प्रा.वृहत्ताकार/प्रा.कृषि साख सहकारी समिति मर्या.-उपरोक्तानुसार**


## अंडमान सागर में 4.4 तीव्रता का भूकंप, 93 किमी गहराई पर था केंद्र

**नई दिल्ली।** अंडमान सागर में मंगलवार तड़के भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी) ने जानकारी दी है कि अंडमान सागर में भूकंप सुबह करीब 3 I.29 बजे आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई और इस भूकंप की गहराई 93 किमी थी। गौरतलब है कि इससे पहले मणिपुर के उखरूल में सोमवार देर रात भूकंप की झटके आए थे और इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई थी। मणिपुर में आए भूकंप का केंद्र 20 किमी की गहराई पर था।

**इंडोनेशिया में भी आया था 6.0 तीव्रता का भूकंप**

वहीं इंडोनेशिया में भी इससे पहले तेज भूकंप का झटका महसूस किया गया था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई। भूकंप की गहराई 150 किमी थी। बंगाल की खाड़ी में भी भूकंप के झटके के कारण लोगों में दहशत है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 मापी गई थी।

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**पश्चिम मध्य रेल**
**यांत्रिक शाखा ▪ खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांकः** JBP-M-Tender-23-2023, दिनांक 08.09.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः आरओएच डिपो सतना में 180 बी.सी.एन.एच.एल. वैगनों के दो-भाग वाले स्लाइडिंग दरवाजों का रेट्रो-फिटमेंट। कार्य का विज्ञापित मूल्यः ₹** 2,45,65,654.80. **बयाना राशिः ₹** 2,72,800/-. **निविदा समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समयः** 29.09.2023, 15.00 Hrs. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।**



**पश्चिम मध्य रेल**
**संशोधन सूचना-I**
**दिनांक 08.09.2023**

निविदा सूचना क्रमांकः जबल–एन–सिगनल–निविदा–2023–17, दिनांक 01.09.2023 के लिए। **कार्य का नामः- पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य।** उपर्युक्त टेंडर जो 26.09.2023 को खुलना था में निम्न संशोधन किया गया है– सपापन अवधिः 06 माह। **संशोधित समापन अवधिः 09 माह।** नोट– विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** देखें। निविदा में अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। असुविधा के लिए खेद है।

*म.रे.प्र.(सि. एवं दू.सं.) जबलपुर*

**कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**
क्र./न.पा.श./2023/5084 शहडोल, दिनांक 12/09/2023
**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. नम्बर | ई–टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5009 | 2023_UAD_306879_1 | Inviting Yearly Rate of Contract Construction Material for Nagar Shahdol as per NIT Rate for 2023-24 | 25.00 | 19000 | 5000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 65 days |
| 5012 | 2023_UAD_306674_1 | Inviting tender for repair and maintenance work for nagar palika parishad Shahdol site office located at pani tanki near Indira chowk | 25.00 | 3800 | 2000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 45 days |
| 5011 | 2023_UAD_306665_1 | Inviting percentage rate tender for construction of toilet and urinal at pani tanki. burhar chowk under nagarpalika parishad Shahdol | 25.00 | 4200 | 2000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 45 days |
| 5010 | 2023_UAD_306647_1 | Inviting percentage rate tender for repair and maintenance work for amabedkar bhawan ward no 22 gharaulla mohalla under nagar palika parishad Shahdol | 25.00 | 8100 | 2000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 45 days |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है। 2. ऑनलाईन निविदा वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दिनांक 12-09-2023 12:00 से 22-09-2023 17:30 तक खरीदा जा सकता है। 3. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)**



**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. 0075 / अ- 20 (1)/ वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. नजूल निर्वतन निर्देश 2020 के स्थायी पट्टाधिकार से भूमिस्वामी पट्टाधिकार में संपरिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/09/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 22 | कंदेली | 21/12 | 900 वर्गफुट | दिनेश नेमा आ. घनश्याम दास नेमा निवासी गयादत्त वार्ड स्टेशन गंज नरसिंहपुर | दिनेश नेमा आ. घनश्याम दास नेमा निवासी गयादत्त वार्ड स्टेशन गंज नरसिंहपुर |

आज दिनांक- 04/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**



**– सूचना–**

संस्था के माननीय समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निम्न शाखा गोटेगांव से संबंधित संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सभी संस्था कार्यालयों में निर्धारित दिनांक एवं समयानुसार निम्नानुसार की जावेगी जिसमें सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय हैं-

| क्र. | संस्था का नाम | आयोजन दि. | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. गोटेगांव | 22/9/2023 | 2 बजे |
| 2 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. खमरिया | 23/9/2023 | 11 बजे |
| 3 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. सिमरिया | 21/9/2023 | 2 बजे |
| 4 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. कमोद | 19/9/2023 | 11 बजे |
| 5 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. जमुनिया | 22/9/2023 | 2 बजे |
| 6 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. करेलीकला | 24/9/2023 | 11 बजे |
| 7 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. श्रीनगर | 25/9/2023 | 2 बजे |
| 8 | बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सह.समिति मर्या. सालीवाड़ा | 26/9/2023 | 11 बजे |

नोटः-सभी संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा संस्था कार्यालय में होगी।
**समिति प्रबंधक**
**प्रा.बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सहकारी समिति मर्या.-उपरोक्तानुसार**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | <br>12/09/2023 | संभाग क्र. 09 लालमाटी वार्ड क्र. 44 आचार्य विनोवा भावे वार्ड अंतर्गत उत्कलं यादव समाज के करिया पाथर शमशान घाट का जीर्णोद्वार निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू. 12.37 | 2000/–<br>9283/– | 12/10/2023 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,**
**नगर निगम जबलपुर**



**सूचना**

विपणन सहकारी समिति मर्या नरसिंहपुर के सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय में आम सभा का आयोजन दिनांक 18 सितंबर 2023 को समय 2:00 बजे से किया जाएगा इसमें सम्माननीय सदस्यों की उपस्थित प्रार्थनीय है

**प्रबंधक**
**विपणन सहकारी समिति मर्यादित नरसिंहपुर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)**
क्रमांक /4027/ ज.प्र./न.पा.प./ 2023 सिवनी, दिनांक / 12/09/2023
**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जलप्रदाय शाखा निम्न सामग्री की ऑनलाईन दरें (Item rate) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी, शर्ते एवं टेण्डर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in/ में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदायें टेण्डर की निर्धारित तिथि (की-डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_306942 | बंडोल फिल्टर प्लांट 240 एचपी किर्लोस्कर पम्प मरम्मत कार्य। | 15 दिवस<br>782306 | 2000<br>7800 | 03/10/2023 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, सिवनी**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-अनूपपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त) अनूपपुर**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in/ पर अनूपपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में 400/200 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे ग्रेव्हल पैक्ड नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार निविदाऐं निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर | नलकूप का प्रकार | नलकूप की संख्या | निविदा की लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_304810_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.)में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 2 | 46/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_304835_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 3 | 47/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_304838_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 4 | 48/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_305151_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 5 | 49/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_305159_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 6 | 50/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_305160_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 7 | 51/2023-24 दिनांक 04.09.2023 | 2023_PHED_305161_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.00 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 16/09/2023 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 16/09/2023 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 18/09/2023 11.00 बजे

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)**

G-19612/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 13 सितंबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –305 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ लोकतंत्र में श्राप का...
■ नाहक का नदी जोड़ 04
■ नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों...
■ मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव के पर्यवेक्षण ... 09
■ सब्जियों की कीमतों में कमी के चलते खुदरा...
■ डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा जीएसटी... 11
■ विराट के साथ खेलने से...
■ एक्शन में बदलाव से आई... 10

# राजद्रोह कानून मामला संविधान पीठ के पास भेजा

## कानून की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर पांच न्यायाधीशों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को मंगलवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को विचार के लिए भेज दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इसके साथ ही नए प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित करने वाला नया कानून लागू होने तक मामले की जांच स्थगित करने की केंद्र की याचिका भी खारिज कर दी। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष कहा कि नए

### कोर्ट ने सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध किया अस्वीकार

प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित किया गया है। प्रस्तावित कानून फिलहाल संसदीय स्थायी समिति के समक्ष विचाराधीन है। इस बीच वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी समेत अन्य ने पीठ के समक्ष कहा कि नया कानून बनने से आईपीसी की धारा 124ए की संवैधानिकता को चुनौती खत्म नहीं होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि नए कानून को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने 124ए की संवैधानिक



वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया।

पीठ ने कहा, कई कारण हैं–धारा 124 ए कानून की किताब में बनी हुई है और दंडात्मक क़ानून में नए कानून का केवल संभावित प्रभाव होगा और अभियोजन की वैधता 124ए तक

### अदालत के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित

बनी रहेगी और चुनौती का मूल्यांकन इस प्रकार किया जाना चाहिए। श्री सिब्बल ने कहा कि केदारनाथ सिंह मामले (पांच सदस्यी संविधान पीठ का फैसला, जिसने प्रावधान की संवैधानिकता को बरकरार रखा था) पर पुनर्विचार करने के लिए मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जा सकता है या तीन न्यायाधीशों की मौजूदा पीठ ही इस पर फैसला कर सकती है। उन्होंने कहा कि नया कानून बहुत खराब है। इसके रहते मुकदमा चलता रहेगा। पीठ ने कहा कि उसे

### सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल लगा दी थी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में एक आदेश दिया है कि जब तक आईपीसी की धारा 124 ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं।

पांच न्यायाधीशों की पीठ का गठन करना होगा, क्योंकि पांच न्यायाधीशों की पीठ का फैसला उस पर बाध्यकारी है। शीर्ष अदालत के 11 मई, 2022 के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित है।

## सार संक्षेप

### ईडी के सामने पेश हुई टीएमसी सांसद नुसरत जहां

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता एवं पश्चिम बंगाल में बशीरहाट से सांसद नुसरत जहां मंगलवार को साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। ईडी न्यू टाउन में सेवन सेंसेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के फ्लैट घोटाला मामले की जांच कर रही है और इसी संदर्भ में सुश्री नुसरत को समन जारी किया था। जांच अधिकारियों ने उन्हें 20 करोड़ के फ्लैट घोटाले में अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए संबंधित दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया था।

### गैंगस्टर बिश्नोई के प्रमुख गुर्गे पंजाब में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने मंगलवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा समर्थित एक जबरन वसूली रैकेट का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 0.32 बोर की दो पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान चंडीगढ़ के तरलोचन सिंह उर्फ राहुल चीमा तथा हरियाणा के झज्जर के हरीश उर्फ हैरी उर्फ बाबा के रूप में हुई है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 सितम्बर तक

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान तथा इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाने वाले पद्म पुरस्कारों के वास्ते नामांकन या सिफारिशें 15 सितम्बर तक ऑनलाइन की जा सकती हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री की शुरूआत वर्ष 1954 में की गयी थी और इनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-भाजपा कह रही है कि सनातन विवाद को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- यह बात तो सबको मालूम है क्योंकि यह बात तो राजनीतिक दलों के बीच में ही हो रही है।

### भाजपा का कांग्रेस पर किया तीखा हमला

## सनातन विवाद को राजनीतिक रंग देने की कोशिश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सनातन धर्म को लेकर राजनीतिक दलों में बहस शुरू हो गई है। द्रमुख नेता उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान के बाद यह राजनीतिक रंग लेता दिखाई पड़ रहा है। भाजपा अब इस मुद्दे को ठंढा नहीं होने देना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसको लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला।



उन्होंने कहा कि इन नेताओं को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने इस मामले में कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को घेरने की कोशिश की है। चुनावी साल में मामले को चुनावी रंग देने की जद्दोजहद करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सनातन का विरोध तथाकथित घमंडिया गठबंधन का संकल्प है।

### नड्डा, रविशंकर ने सोनिया व राहुल पर साधा निशाना

शिवसेना(उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि वे कहते हैं अगर प्रभु श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होगा तो गोधरा जैसा नरसंहार हो जाएगा।

उन्होंने सवाल खड़ा किया कि इसका मतलब है? स्वर्गीय बालासाहब ठाकरे के बेटे ऐसी बात कर रहे हैं,जिन्होंने राममंदिर आंदोलन के दौरान देश में नई ऊंचाई और साहस का परिचय दिखाया था। उन्होंने कहाकि सनातन पर घमंडिया गठबंधन के लोग तरह–तरह से हमला कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के दिग्गज नेता सोनिया जी और प्रियंका जी खामोश हैं। रविशंकर ने कहा कि हिंदुस्तान सनातन का अपमान नहीं सहेगा। इसको लेकर वोटबैंक की राजनीति हो रही है। उन्होंने इस मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद, जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी कटघरे में खड़ा किया।

# इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक आज

## पहली बैठक में सीट बंटवारे पर होगी चर्चा, एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के समन्वय समिति की बैठक बुधवार को नईदिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी। इसमें सीटों के बटवारे व चुनाव अभियान पर चर्चा की जाएगी। समन्वय समिति में केवल गठबंधन के वरिष्ठ नेताओ को ही शामिल किया गया है। इसलिए जदयू इस बैठक से बाहर रह सकती है। क्योंकि पार्टी प्रमुख व समन्वय समिति के सदस्य राजीव रंजन ऊर्फ ललन बाबू डेंगू के शिकार हो गए हैं।

समन्वय समिति की बैठक ऐसे समय पर हो रही है,जब गठबंधन ने बिना औपचारिक तालमेल के भी छह राज्यों के सात विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में चार पर जीत हासिल कर लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़



एनडीए को मजबूत चुनौती पेश करने का संकेत दे दिया है। इससे पहले मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में 28 विपक्षी दल एक मंच पर साथ दिखे थे। गठबंधन का लक्ष्य जीत की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए एक सीट पर एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने का है। ताकि गैर भाजपा मतदाताओं का बिखराव थामा जा सके। फिलहाल इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के चुनाव में गठबंधन के दल अलग–अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे।

### समन्वय समिति में शामिल सदस्य

समन्वय समिति में पवार के अलावा कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल, डीएमके के टीआर बालू, जेएमएम के हेमंत सोरेन, शिवसेना के संजय राउत, राजद के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आप के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, जद–यू के लल्लन सिंह, सीपीआई के डी.राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। सीपीआई–एम ने अभी तक समिति के लिए अपनी पार्टी के नेता का नाम नहीं दिया है।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को किया सम्मानित

### पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान मिला

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को श्रीअन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष 2021–22 का 'पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान' प्रदान किया। लहरी बाई को कृषक अधिकार वैश्विक संगोष्ठी के अलंकरण समारोह में सम्मान स्वरूप 1,50,000 रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के सी. सुब्रामण्यम ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे।

डिंडोरी जिले की बजाग तहसील निवासी लहरी बाई ने बैगा समुदाय की सहायता से कोदो, कुटकी, सांवा, काग, सिकिया, मडुआ जैसे दुर्लभ श्रीअन्न प्रजातियों का सीड बैंक विकसित किया है। दिल्ली में 12 से 15 सितंबर, 2023 तक चलने वाली वैश्विक संगोष्ठी में लहरी बाई ने अपने सीड बैंक की प्रदर्शनी भी लगाई है।

## पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के साथ विभिन्न औद्योगिक परिसरों का भी शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री श्री मोदी

**सागर, देशबन्धु।** सागर जिले के बीना स्थित बीपीसीएल रिफाइनरी के विस्तारीकरण एवं पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के निर्माण के भूमिपूजन के लिए 14 सितंबर को बीना आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक परिसरों का शिलान्यास भी करेंगे। बीना रिफाइनरी परिसर में होने वाली विशाल जनसभा के कार्यक्रम स्थल पर मोदी नर्मदापुरम के उर्जा एवं नवकरणीय उर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, आईटी पार्क 3 और 4 इन्दौर, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क रतलाम, 6 इंडस्ट्रियल पार्क क्रमशः नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर मालवा और मक्सी की शिलान्यास पट्टिका का रिमोट द्वारा अनावरण करेंगे।



कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर जिले के प्रभारी सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री डा. अरविंद सिंह भदौरिया, उद्योग नीति और निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायकगण शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया एवं महेश राय भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कन्हैयालाल मित्तल और उनके साथी चंडीगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे।

बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के बन जाने से 15 हजार को प्रत्यक्ष तथा 2 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। अभी बीपीसीएल बीना 7.8 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता की रिफाइनरी संचालित करता है। जो उत्तरी और मध्य भारत की बढ़ती ईधन की मांगों को पूरा करने के लिए सक्षम है। देश की बेहतरीन रिफाइनरियों में से एक होने का गौरव प्राप्त बीपीसीएल बीना गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपेक्षाओं पर अब तक खरा उतरा है।

अब 50 हजार करोड़ की लागत से जो पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स बनेगा, वह 5 साल की अवधि में बनकर तैयार होगा। इसके पूर्ण होने से बीपीसीएल बीना की क्षमता 7.8 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटीपीए) प्रतिवर्ष से बढ़कर 11 एमएमटीपीए हो जायेगी। बीना रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स की नवीन इकाई में उत्कृष्ट तकनीक वाले 1.2 एमएमटीपीए क्षमता के एथलीन क्रैकर काम्पलेक्स की स्थापना भी होगी। साथ ही डाउन स्ट्रीम पेट्रोकेमिकल संयंत्र भी स्थापित होगा।

## मणिपुर : आतंकवादियों ने 3 लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोपकी जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने तीन आदिवासी लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मणिपुर की राजधानी इंफाल में अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र चरमपंथियों ने इम्फाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में इरेंग और करम के बीच गांवों पर हमला किया और तीन ग्रामीणों को मौके पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

चरमपंथी सुबह–सुबह एक वाहन में आदिवासी बहुल गांवों में आए और सुरक्षा बलों के



पहुंचने से पहले चले गए। घटना के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। 8 और 9 सितंबर को तेंग्नौपाल जिले के पल्लेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में भी तीन लोग मारे गए थे।

### भाजपा के 23 विधायक अलग प्रशासन के विरोध में

प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने इस मांग के विरोध में अपने प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से भी मुलाकात की।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### खोज | समुद्र की गहराई में पानी में 6000 मीटर नीचे के रहस्य खोजेंगे वैज्ञानिक

## चंद्रयान, सूर्ययान के बाद अब शुरू होगा समुद्रयान मिशन

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान–3 मिशन ने हमें चंद्रमा के कई राज बताए। सूर्य के राज जानने आदित्य–एल–1 निकला हुआ है। अब बारी है समुद्र की गहराई में छिपे रहस्यों को जानने की। भारत जल्द ही अपने समुद्रयान मिशन का ट्रायल शुरू करने जा रहा है। मिशन समुद्रयान में तीन लोगों को एक स्वदेशी सबमर्सिबल में बिठाकर 6,000 मीटर की गहराई तक भेजा जाएगा।

इस सबमर्सिबल का नाम मत्स्य 6000 है। मत्स्य 6000 का क्रू समुद्र तल से करीब 6 किलोमीटर नीचे कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसी बहुमूल्य धातुओं की खोज करेगा। मत्स्य 6000 को बनाने में करीब दो साल लगे हैं। 2024 की शुरुआत में चेन्नई तट से इसे बंगाल की खाड़ी में छोड़ा जाएगा। समुद्र में इतनी गहराई तक जाना बेहद चुनौतीपूर्ण है। भारतीय वैज्ञानिकों को जून 2023 में हुई टाइटन दुर्घटना का भी ध्यान है। नॉर्थ अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक के मलबे तक टूरिस्ट्स को ले जाने वाला यह सबमर्सिबल फट गया था। उस हादसे के मद्देनजर भारतीय वैज्ञानिक मत्स्य 6000 के डिजाइन को बार–बार परख रहे हैं।




भारत के समुद्रयान मिशन से जुड़ी हर बात जानिए।मत्स्य 6000 को नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक डिवेलप कर रहे हैं। टाइटन हादसे के बाद उन्होंने मत्स्य 6000 के डिजाइन, मैटीरियल्स, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स की समीक्षा की है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने हमारे सहयोगी द टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, समुद्रयान मिशन गहरे महासागर मिशन के हिस्से के रूप में चल रहा है। हम 2024 की पहली तिमाही में 500 मीटर की गहराई पर समुद्री परीक्षण करेंगे।

निकल, कोबाल्ट, मैंगनीज, हाइड्रोथर्मल सल्फाइड और गैस हाइड्रेट्स की तलाश के अलावा, मत्स्य 6000 हाइड्रोथर्मल वेंट और समुद्र में कम तापमान वाले मीथेन रिसने में कीमोसिंथेटिक जैव विविधता की जांच करेगा। मत्स्य 6000 का वजन 25 टन है। इसकी लंबाई 9 मीटर और चौड़ाई 4 मीटर है।

एनआईओटी के निदेशक जी ए रामदास ने कहा कि मत्स्य 6000 के लिए 2.1 मीटर व्यास का गोला डिजाइन और विकसित किया है जो तीन लोगों को लेकर जाएगा। गोला 6,000 मीटर की गहराई पर 600 बार दबाव (समुद्र तल पर दबाव से 600 गुना अधिक) का सामना करने के लिए 80 मिमी मोटी टाइटेनियम मिश्र धातु से बना होगा। वीकल को लगातार 12 से 16 घंटे तक ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन ऑक्सीजन की सप्लाई 96 घंटे तक उपलब्ध रहेगी। समुद्रयान मिशन के 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। अब तक केवल अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन ने ही इंसानों को ले जाने वाली सबमर्सिबल विकसित की हैं।

जबलपुर, बुधवार 13 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लोकतंत्र में श्राप का क्या काम?

भोपाल से भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा ठाकुर, फिर से श्राप देती नज़र आ रही हैं। इस बार वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि पर बरस पड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में सनातन धर्म को मलेरिया और कोरोना के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा था कि ये जितनी जल्दी नष्ट हो जायें उतना ही अच्छा। मंगलवार को भोपाल की भेल (बीएचईएल) कंपनी के गेट पर वेतन वृद्धि की मांग पर कर रहे ठेका श्रमिकों का अनशन खत्म करवाने पहुंची थीं। अपने भाषण में उन्होंने जूनियर स्टालिन के बयान को अभद्र तो बताया ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मटन बनाये जाने पर उन्हें विधर्मी भी करार दिया। प्रज्ञा ने कहा कि, 'ये लोग (राहुल) कुछ भी कर सकते हैं- जनेऊ व तिलक लगा लेते हैं तो क्रॉस भी पहन सकते हैं। उनका गुस्सा यहीं तक नहीं ठहरा।' उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला को कहा कि 'वे कहां के तोपचंद हैं जो किसी को श्राप देंगे?' सुरजेवाला ने भाजपा के मतदाताओं को 'राक्षसी प्रवृत्ति का' बतलाया था। उदयनिधि के बयान के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता ए राजा ने सनातन को कुष्ठ रोग व एड्स जैसा बतला दिया। एक्टर प्रकाश राज ने भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू से कर दी थी।

इन सभी को एकमुश्त श्राप देते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि 'प्रकाश राज नायक नहीं, खलनायक हैं।' उनका कहना था कि 'जिसे यह नहीं पता कि वह कहां रहता है और किसके खिलाफ बोल रहा है, वह खलनाक ही हो सकता है।' आगे उन्होंने यह भी कहा कि 'जिसने सनातन धर्म को जैसा कहा, वह वैसा ही भोगे। जिसने इस धर्म को डेंगू कहा उसे डेंगू मिले, जिसने मलेरिया कहा उसे वही मिले और जिसने उसे कुष्ठ रोग कहा उसे भी वही प्राप्त हो।' उन्होंने इन सभी बयान देने वालों को उनके द्वारा उल्लेखित बीमारियां भरपूर मिलने की बात कही।

प्रज्ञा ठाकुर द्वारा इस प्रकार किसी को श्राप देने का मामला पहला नहीं है। मालेगांव बम विस्फोट कांड की आरोपी प्रज्ञा ने महाराष्ट्र पुलिस के विशेष जांच दल प्रमुख हेमन्त करकरे के बारे में 2019 में बयान दिया था कि उनकी (करकरे) मौत इसलिये हुई थी क्योंकि उन्होंने करकरे को श्राप दिया था। साध्वी के अनुसार पुलिस कस्टडी में जांच के दौरान करकरे ने उन्हें प्रताड़ित किया था। वे कहती हैं- 'मैंने करकरे को कहा था कि तेरा सर्वनाश होगा। मेरे श्राप के कुछ ही दिनों के बाद 2008 में करकरे आतंकवादियों के हाथों मुंबई हमले के दौरान मारे गये थे।' वैसे जब इस पर हंगामा हुआ तो उसका देश भर में विरोध हुआ था। अनेक वरिष्ठ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके दबाव में उन्होंने अपना बयान यह कहकर वापस ले लिया कि 'इससे देश के दुश्मनों को फायदा हो रहा है इसलिये वे इसे वापस लेती हैं तथा माफी मांगती हैं।' उन्होंने करकरे को इसलिये 'शहीद' बतलाया कि 'आखिरकार उनकी हत्या तो आतंकवादियों द्वारा ही की गई है।' उन्होंने अपने बयान को 'खुद का दर्द' बतलाया। प्रज्ञा को मालेगांव विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था जिसमें 6 लोग मारे गये थे और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिस मोटर साइकल के जरिये यह विस्फोट हुआ था वह उन्हीं के नाम पर पंजीकृत थी इसलिये उन्हें भी गिरफ्तार किया गया था। 9 साल तक जेल में बिताने के बाद उन्हें स्वास्थ्यगत कारणों से जमानत दी गई थी। उन्होंने तब भाजपा की सदस्यता ले ली और 2019 में उन्हें भोपाल से लोकसभा का टिकट मिला था। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को हराया था क्योंकि मामला हिंदुत्व के नैरेटिव पर लड़ा गया था। उस चुनाव के दौरान बझ़फ़ीड न्यूज़ में उन पर लेख प्रकाशित हुआ था जिसका शीर्षक था- 'दी मोस्ट टॉक्सिक केंडिडेट इन दी वर्ल्ड्स बिगेस्ट इलेक्शन इज़ ए होली वूमेन हू वांट्स टू स्टार्ट ए रिलीजस वॉर विद मुस्लिम' (दुनिया के सबसे बड़े चुनाव का सर्वाधिक ज़हरीला प्रत्याशी एक पवित्र महिला है जो मुस्लिमों के खिलाफ जंग छेड़ना चाहती है)। इसके पीछे कारण यह था कि प्रज्ञा ने महात्मा गांधी के हत्यारे को 'देशभक्त' बताया था। इसका भी उल्लेख लेख में हुआ है। हालांकि इस पर शीर्ष नेतृत्व ने उनसे नाराज़गी जताई थी। 18 साल की उम्र में संन्यास धारण करने वाली प्रज्ञा ठाकुर को 38 वर्ष की उम्र में मालेगांव कांड में गिरफ्तार किया गया था। 46 साल की होने पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टिकट दिया था।

प्रज्ञा ठाकुर का विवादों से स्थायी नाता रहा है। उन्होंने इसी साल फरवरी में वक्फ़ बोर्डों पर सवाल उठाया था कि 'जब मुस्लिमों का वक्फ़ बोर्ड बन सकता है तो सनातन बोर्ड क्यों नहीं बन सकता?' उन्होंने कहा था कि 'हिन्दू धर्म कानून पर चलता है लेकिन विडंबना है कि हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट सरकार के हाथों में हैं। इन्हें मुक्त होना चाहिये और हिंदुओं का हिंदुओं के काम आना चाहिये। इनके धन का इस्तेमाल सनातन के विकास में होना चाहिये। इसके लिये सनातन बोर्ड बनना चाहिये जिससे हमारे मठ-मंदिर स्वतंत्र होंगे और इनमें भव्यता आयेगी।' उन्होंने वक्फ़ बोर्डों पर आरोप लगाया कि 'वे ज़मीनें रख लेते हैं। जिन ज़मीनों को वे अपना बताते हैं जांच करने पर पता चलता है कि वे उनकी हैं ही नहीं।' प्रज्ञा का आरोप था कि 'वक्फ़ बोर्डों की आड़ में माफ़िया पनप रहे हैं।' धर्म को जब राजनीति से मिलाया जाएगा तो कुछ ऐसा ही विमर्श तैयार होगा जिसमें नफ़रत और हिंसा का प्राधान्य होगा; और फिर लोकतंत्र कोई पौराणिक आख्यान तो है नहीं जिसमें वरदान या श्राप की कोई भूमिका हो।

# पर्दों के पीछे गरीब छिप सकते हैं, गरीबी नहीं

इसी शनिवार-रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 के सम्मेलन का समापन हो चुका है। तमाम राष्ट्राध्यक्षों की रवानगी हो चुकी है। शक्तिशाली देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठन की प्रक्रियागत व रोटेशन में मिली अध्यक्षता को एक तरह से अर्जित पद प्राप्ति का सा प्रचारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन का प्रचारात्मक एवं स्वयं की छवि एक स्टेट्समैन की तरह बनाने का जितना लाभ उठा सकते थे, उतना उठा चुके हैं। अब इसका फायदा अगले लोकसभा चुनाव में कैसे उठाना है, यह भी वे सोच चुके होंगे। बड़े-बड़े नेताओं के साथ वार्ताएं करते या उनके साथ दोस्ताना ताल्लुक रखने के कारण देश की शक्ति बढ़ने का आभास दिलाने वाली कई खबरें और तस्वीरें पिछले दो दिनों से विभिन्न अखबारों में शाया हुई हैं और सत्ता से मित्रता के आदी टीवी समाचार चैनल फालोअप या साइड स्टोरीज़ के नाम पर अब तक खुशनुमा तस्वीरें दिखा रहे हैं। देश नयी बुलन्दियों पर दिखाया जा रहा है या कम से कम ऐसा माना जा रहा है।

देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी परन्तु आम जनता को जिस तरह से इस दौरान सरकार ने अवांछनीय और त्याज्य बनाया, वह बेहद शर्मनाक है। मुख्यधारा का मीडिया ऐसी खबरें छापने से परहेज करता है लेकिन अब जो बातें सामने आ रही हैं वे भयावह हैं। दिल्ली और देश को खुशहाल साबित करने के लिये जिस प्रकार से गरीब बस्तियों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया, वह बताता है कि मोदी सरकार ऐसी जनता को नहीं चाहती। उसके लिये ये देशवासी ही नहीं है। सम्भवत: मोदी अपने अतिथियों को बतलाना चाहते हैं कि उनके देश में न कोई गरीब है और न ही भुखमरी है। मानों यहां गरीब बस्तियां ही नहीं हैं। यह अलग बात है कि मोदी अपने बारे में इस आशय की बातें फैलाकर ही इस पद तक पहुंचे हैं कि वे काफी गरीब परिवार से आते हैं और उनकी मां ने लोगों के घरों में बर्तन मांजकर सबका गुजारा किया है। यह भी कि उन्होंने बहुत छुटपन में रेलवे स्टेशन पर चाय बेची है। उनकी जिजीविषा को हमेशा से सराहा गया है लेकिन सवाल यह है कि गरीबी से उठकर आये मोदी को देश के इन गरीबों को छिपाने की ज़रूरत क्यों पड़ी? फिर, क्या पर्दे टांग देने से यह तथ्य छिप सकता है कि देश में गरीबी है? गरीब तो छिपाये जा सकते हैं, गरीबी नहीं। यह वैश्विक और डिजीटल व्यवस्था है जहां कोई भी किसी से कुछ नहीं छिपा सकता। सारे आंकड़े और तथ्य सार्वभौमिक हैं। उलटे, सारे देशों के विकास सम्बन्धी सभी तरह के आंकड़े उसी दुनिया में एकत्र होते हैं, वहीं उनकी समीक्षा होती है और वहीं टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी मानकों में कौन सा देश किस रैंक पर है, इसे भी तय करने वाले वे ही देश हैं। पर्दों के पीछे की असलियत से स्वयं मोदी उतने वाकिफ़ नहीं होंगे जितने इन देशों की एजेंसियां हैं और वे जानते हैं कि किन सूचकांकों में भारत की स्थिति कहां पर है। सारा जग जानता है कि देश की 80 करोड़ से ज्यादा की आबादी के मुफ्त 5 किलो प्रति माह के राशन पर जीवित है। एक सामान्य बुद्धि का राजनयिक या राष्ट्राध्यक्ष, जो भारत सम्बन्धी सारे आंकड़ों व तथ्यों से लैस होकर ही सम्मेलन में शिरकत करने आया होगा, समझ गया होगा कि उनके रास्तों में पड़ने वाले इलाकों में ये बड़े-बड़े पर्दे क्यों लगाये गये हैं। दुनिया यह भी जानती है कि चकाचौंध में भरोसा रखने वाले मोदी ने विदेशी मेहमानों के आगमन पर उनके अपने गृहनगर अहमदाबाद की मलिन बस्तियों को दीवारें उठवाकर छिपा दिया था ताकि गुजरात मॉडल की सच्चाइयां सामने न आयें जिसका ढिंढोरा खूब पीटा गया था और उसी मॉडल को देश भर में लागू करने के लिये मोदी गुजरात से उठकर दिल्ली चले आये हैं।


डॉ. दीपक पाचपोर

> देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी।

यह तो सही है कि मेहमानों के सामने अपने घर का श्रेष्ठ दिखाने और बुरा छिपाने की प्रवृत्ति स्वाभाविक होती है। यह भी सही है कि लोग अक्सर अपने बूढ़े मां-बाप, बीमार बुआ, विधवा सास, बहन, मां आदि को किसी अलग कमरे में रख देते हैं और कोशिश करते हैं कि मेहमानों के जाने के बाद ही उन्हें निकालें। यह हकीकत है परन्तु स्वीकार्य नहीं, न ही मानवीय गरिमा के अनुकूल। फिर, यह व्यक्तिगत स्तर पर या परिवार के स्तर पर की बात हो सकती है लेकिन देश के स्तर पर इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि पर्दों के पीछे छिपाये गये लोगों का भी देश के इस गौरवपूर्ण क्षणों का आनंद लेने का उतना ही हक है जितना कि लकदक कपड़ों में सजे और बड़ी गाड़ियों में आवाजाही करने वाले अन्य लोगों का है। वैसे भी वे कौन सा आयोजन स्थल के भीतर घुसे जा रहे हैं या शाही दावतों में घुस सकते हैं? वे अपने घरों से निकल भी न सकें, इसकी मुकम्मल व्यवस्था सरकारी तंत्र ने कर रखी थी। लगभग तीन-चार दिन सुरक्षा के नाम पर एक तरह से कर्फ्यू ही लगा रखा था। लोगों को ज़रूरी कामों के लिये भी निकलना दूभर था अथवा लम्बी दूरियों के या असुविधापूर्ण रास्ते लेने पड़े। यह अमानवीयता है। अपने ही देश की बड़ी आबादी को इस तरह से पर्दे से ढंक देना उनका अपमान भी है। यह सारा कुछ सचमुच बहुत निर्मम है। क्या जनता केवल वोटर है? मनुष्य होने के नाते उसके साथ जो गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिये, वह सरकार की ओर से बहुत संकीर्ण व क्षुद्र प्रयोजनों के चलते होता हुआ नहीं दिखता।

हालांकि अपनी छवि बांधने के चक्कर में सत्ता के लिये यह बहुत छोटी सी कीमत समझी गई हो, पर यह कोई लोकतांत्रिक व्यवहार नहीं है। यह एक तरह से राजशाही या तानाशाही प्रणाली है कि अपने ही लोगों को इस तरह से बंद कर रखा जाये। मानों वे त्याज्य व अवांछनीय हों।

अमानवीयता तो यह भी है कि सम्मेलन के पहले दो-तीन दिनों पहले से अभियान चलाकर दिल्ली के सैकड़ों कुत्तों को बहुत निर्मम तरीके से पकड़कर अज्ञात जगहों पर ले जाया गया। उन्हें पकड़ने और नगर निगम की गाड़ियों व पिंजरों में जैसे भरा गया, लगता नहीं कि उनमें से बहुत जीवित बचे होंगे। बचे भी होंगे तो घायल, बीमार, भूखे-प्यासे रखे गये होंगे। ऐसा नज़ारा भी देश ने पहली बार ही देखा है। पशु प्रेमी व्यक्ति एवं संगठन इस दौरान तो नदारद रहे ही, अब तक उनका इसके खिलाफ कोई बयान भी नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर भारतीय जनता पार्टी की सांसद एवं पूर्व मंत्री मेनका गांधी की याद आनी स्वाभाविक है जो अपने श्वान प्रेम के लिये विख्यात रही हैं। गाड़ी के नीचे एक पिल्ले के दबने से भी दुखी होने वाले नरेन्द्र मोदी सैकड़ों निरीह प्राणियों के प्रति हुई क्रूरता से कितना पसीजे होंगे, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।


लोगों को पर्दों से ढंकना हो या फिर मूक प्राणियों पर बेकदर अत्याचार- दोनों ही अस्वीकार्य है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# नाहक का नदी जोड़

यदि जाने-माने विशेषज्ञों द्वारा किसी बड़ी नदी परियोजना के परिणाम बहुत हानिकारक होने की आशंका प्रकट की गई हो तो उचित समय पर रोक कर, इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह पुनर्विचार ऐसा नहीं होना चाहिए कि नाम-मात्र को कुछ समय के लिए रुक गए, अपितु पूरी पारदर्शिता व खुले मन से विभिन्न संभावित दुष्परिणामों की जांच होनी चाहिए। यदि वास्तव में दुष्परिणाम अधिक पाए गए तो ऐसी परियोजना पर अरबों रुपए और बर्बाद करने के स्थान पर इसे त्यागते हुए यह राशि जन-हित से जुड़े अन्य कार्यों, विशेषकर जल-संरक्षण के कार्यों पर खर्च करना चाहिए।

'केन-बेतवा लिंक परियोजना' एक ऐसी ही योजना है जो पहले से कई तरह की कठिनाईयों से गुजर रहे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक बड़ी आपदा उपस्थित कर सकती है। हजारों करोड़ रुपए खर्च कर बुलाई गई इस आपदा के तहत बांध बनाकर एक नहर के माध्यम से केन नदी का पानी बेतवा नदी में भेजा जाना है। इस तरह इसकी मूल एक पूर्व निर्धारित अवधारणा है जिसके मुताबिक केन में अपनी जरूरत से अधिक पानी उपलब्ध है, हालांकि इसके कोई प्रामाणिक आंकड़े अभी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं हैं।


भारत डोंगरा

> केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

इस सोच को अनेक विशेषज्ञों व सरकारी पदों पर रह चुके पूर्व अधिकारियों ने अनुचित बताया है। केन क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को कृत्रिम तौर पर कम बताकर इसमें अतिरिक्त जल की सोच को किसी तरह स्थापित किया गया है जो उचित नहीं है। केन व उसकी कुछ सहायक नदियों में हाल के वर्षों में जिस तरह बहुत बड़े पैमाने पर अंधाधुंध बालू का खनन हुआ है, उस कारण केन व उसकी सहायक नदियां स्वयं संकटग्रस्त हैं।

केन व बेतवा दोनों का बहाव क्षेत्र बहुत दूर नहीं है, दोनों यमुना में ही मिलती हैं, दोनों के क्षेत्रों में प्राय: एक समय ही अधिक या कम वर्षा होती है, अत: दोनों को जोड़ने से कोई प्रयोजन सिद्ध होने वाला नहीं है। विशेषकर यह भी देखते हुए कि बेतवा क्षेत्र में जहां पानी की अधिक कमी है वहां इस परियोजना का पानी नहीं पहुंचेगा। वास्तव में यह केन-बेतवा, उत्तरप्रदेश या मध्यप्रदेश का सवाल है ही नहीं। चूंकि यह परियोजना अपने मूल रूप में ही बेबुनियाद व औचित्यविहीन है, अत: राष्ट्रीय संदर्भ में यह धन की बर्बादी ही है, जबकि सही जल-संरक्षण कार्यों के लिए धन उपलब्ध होना चाहिए।

इस परियोजना में लाखों पेड़ों का कटना व हजारों गांववासियों का विस्थापित होना तय है। अनेक वर्ष पहले के सरकारी तौर पर मान्य दस्तावेजों में 23 लाख पेड़ कटने की बात कही गई थी, पर उस समय छोटे पेड़ इसमें नहीं गिने गए थे। अब इनके भी बड़े होने से परियोजना में 30 लाख या उससे भी अधिक वृक्ष कटने की संभावना है।

पन्ना के टाईगर रिजर्व, घड़ियाल संरक्षित क्षेत्र आदि में वन्य जीवों के लिए स्थिति बहुत अस्त-व्यस्त हो जाएगी, आरक्षित क्षेत्र विभाजित हो जाएगा व जल-जीवों के लिए पानी की कमी होगी। बांधों व नहर से हजारों लोग विस्थापित होंगे, खेत उजड़ेंगे, पेड़ कटेंगे, कई जल-स्त्रोत नहर के मार्ग में आने से अस्त-व्यस्त होंगे।

केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

एक नदी का पानी दूसरी नदी के पानी में मिलने से अनेक जल-जीवों के लिए ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं जिनका अनुमान पहले से लगाना कठिन है। इस लिंक योजना का बहाव बुंदेलखंड की अधिकांश नदियों के प्राकृतिक बहाव से अलग है व यह प्राकृतिक व्यवस्थाओं में व्यवधान उत्पन्न करते हुए कभी बाढ़ तो कभी दलदलीकरण तो कभी सूखे की समस्या को और विकट कर सकती है।

पहले आईआईटी-कानपुर में प्राध्यापक और फिर मध्यप्रदेश शासन की ओर से 'विक्रम साराभाई फैलो' के रूप में सक्रिय रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. भारतेंदु प्रकाश ने बुंदेलखंड के जल संकट के समाधान पर विस्तृत अध्ययन किए हैं। उन्होंने भी यही संस्तुति की है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' को छोड़कर परंपरागत समृद्ध जल-संरक्षण कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाए। प्रो. ब्रज गोपाल ने भी इस संबंध के विस्तृत अध्ययनों के आधार पर ऐसी ही राय प्रकट की थी। पूर्व मंत्री व अर्थशास्त्री डा. वाईके अलघ और पूर्व सचिव, जल संसाधन, भारत सरकार ने 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' के विरोध में राय दी है। 'दक्षिण एशिया में नदियों व बांधों के नेटवर्क' 'सैन्ड्रप' ने इस परियोजना के अनेक संभावित दुष्परिणामों के विरुद्ध ध्यान दिलाया है।

केन-बेतवा को जोड़ने के लिए प्रतिवर्ष जो हजारों करोड़ रुपयों का बजट है, उसे अगले कुछ वर्षों के लिए बुंदेलखंड के जल-संरक्षण के कार्यों और प्राकृतिक खेती व वनीकरण पर खर्च किया जाए तो हरे-भरे, टिकाऊ, आजीविका से मजबूत बुंदेलखंड हमारे देखते-देखते ही उभरने लगेगा। साथ में जलवायु परिवर्तन के मौजूदा दौर में इस संकट को कम करने व इससे बेहतर जूझ सकने की क्षमता भी विकसित हो सकेगी।

बुंदेलखंड में चंदेल व बुंदेल शासन-व्यवस्था के दौरान निर्मित तालाबों व अन्य जल-स्त्रोतों की समृद्ध परंपरा है। इसमें स्थानीय स्थितियों के अनुकूल जल-संरक्षण का उत्तम उदाहरण मिलता है जिससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हाल के वर्षों में इन तालाबों की श्रृंखला से सीखने के प्रयास भी हुए हैं व इस कारण इनके महत्व के बारे में बेहतर समझ बनी है। इसके अतिरिक्त छोटे स्तर के जल-संरक्षण कार्यों से अनेक संस्थाओं ने भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इनसे लाभान्वित अनेक किसानों ने बताया कि उनकी आजीविका सुधारने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समझदारी इसी में है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' जैसी बाहरी तौर पर प्रचारित अति महत्वाकांक्षी, पर भीतर से खोखली परियोजनाओं को त्यागकर छोटे, स्थानीय स्तर के जल-संरक्षण कार्यों पर सरकार अधिक ध्यान दे। इस संदर्भ में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' का पूरी ईमानदारी से पुनर्मूल्यांकन इस समय निश्चय ही राष्ट्रीय हित में होगा व बहुत बड़ी धनराशि के निरर्थक व्यय को रोकने में इससे मदद मिलेगी।

(लेखक प्रबुद्ध एवं अध्ययनशील लेखक हैं।)

## पावन प्रसंग

# समय को साधें जीवन संवारें

सभी को दिन-रात में चौबीस घंटे मिले हैं। हर पल मिल कर दिवस बनाता है और समय का हर पल नदी की प्रवाह की भांति निरंतर गतिशील है जो सतत प्रवाहमान है। जो कभी रुकता नहीं। इसको संभाला नहीं गया तो यह हमेशा के लिए हाथ से निकल जाएगा। सामान्यतया इंसान समय के साथ कुछ इस तरह का व्यवहार करता है कि जैसे उसके पास अनंत समय हो, परंतु समय बीत जाने के बाद वह पश्चाताप करता है। वास्तव में मनुष्य के पास यथार्थ में जो समय होता है वह वर्तमान ही होता है। वह जीवन में जो कुछ बनना चाहता है, पाना चाहता है या करना चाहता है वह इस वर्तमान का सदुपयोग करते हुए ही संभव है।

इस तरह हर सुबह नए दिन का शुभारंभ का अवसर होता है जिसमें हम दिन के श्रेष्ठतम कार्य का खाका भली प्रकार खींच सकते हैं। और हर रात दिन भर की उपलब्धियों के साथ भूल-चूकों की समीक्षा व सुधार करते हुए अगले दिन को और बेहतर बनाने का सुअवसर होता है और दिन का हर पल सदुपयोग का अवसर होता है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को संवार सकता है। इस तरह आने वाले कल का अपना कोई अस्तित्व होता नहीं है यह वर्तमान पर ही आधारित होता है। बीत गए भूत का भी महत्व नहीं है जो कुछ भी है वह वर्तमान ही है जो हमारे हाथ में है। यदि हम सफलता का सपना देखते हैं तो हमें आज अभी से हर कार्य के लिए प्रयासरत रहना होगा। दिन का प्रत्येक घंटे, मिनट व पल का सदुपयोग करते हुए जीवन की सकल संभावनाओं को यथाशीघ्र साकार करना होगा।

अधिकांश लोग समय का महत्व समझ नहीं पाते व इसका सदुपयोग नहीं कर पाते। जिसमें प्रमुख बाधाएं इस प्रकार हैं-समय के महत्व को नहीं समझ पाना, प्राथमिकताओं का तय नहीं हो पाना। काम को टालते रहना, एक ही समय पर बहुत सारे काम को हाथ में लेना।

समय के श्रेष्ठतम उपयोग के लिए समय प्रबंधन से कुछ जुड़ी बातों का ध्यान रख जा सकता है-अपने समय की बर्बादी की तह तक जाएं, सबसे पहले देखें कि हमारा समय, ऊर्जा कहां बर्बाद हो रहा है। जब यह समझ आएगा कि कौन सी चीज आपके समय व ऊर्जा को चौपट कर रही है जिसके कारण आपके महत्वपूर्ण कार्य कल पर टल रहे हैं, आपके जीवन में आवश्यक व महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी समय नहीं मिल पा रहा, सतत आपात की स्थिति बनी हुई है और जीवन नर्क बनता जा रहा है तो आप इनको चिन्हित कर इनका सहज समाधान कर सकते हैं। प्रतिदिन की योजना बनाएं व प्राथमिकता तय करें।

आपको निश्चित करना होगा कि अमुक कार्य के लिए कितना समय देना है। फिर समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने की कोशिश करें। व्यवहारिक सीमा रेखा बना कर कार्य करने से दिनचर्या अनुशासित रहती है। अनावश्यक कार्यों में उलझने की गुंजाइश समाप्त हो जाती है तथा कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाती है। जो कार्य महत्वपूर्ण व कठिन लग रहा हो उसे सबसे पहले निपटाएं क्योंकि प्रात: ऊर्जा का स्तर बढ़ा चढ़ा रहता है। मन मस्तिष्क स्फूर्त एवं सक्रिय रहते हैं। एकाग्रता भी प्रगाढ़ रहती है। इस प्रकार कम समय में बहुत से कार्य होते हैं तथा बचे हुए समय में हम दूसरे काम पूर्ण कर सकते हैं। एक समय पर एक ही कार्य करें। एक साथ कई काम निपटाने पर मन की ऊर्जा व एकाग्रता बंट जाती है इसलिए नियमित रूप वह परिणाम नहीं मिल पाता जिसे हम संतोषजनक कह सकें। इसलिए एक समय पर एक ही कार्य करें। जब वह कार्य पूरा हो जाए तभी दूसरा कार्य हाथ में लें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मां-बाप की स्टेटस टैग, ले रहा बच्चों की जान

आजकल हर मां-बाप का सपना होता है कि उनका बच्चा आसमां की बुलंदियों को छुए और यही ख्वाहिश अक्सर हर पेरेंट्स अपने मासूम बच्चों के कंधों पर लाद देते हैं। ऐसे में वे यह भी जानने की जहमत नहीं उठाते कि आख़िर उनका बच्चा क्या चाहता है? परीक्षा का दबाव और मां-बाप की उम्मीदें इस हद तक बच्चों पर हावी हो रही है कि वो परीक्षा के इम्तिहान के डर से मौत को गले लगा लेते हैं।

परीक्षा जीवन का एक हिस्सा होती है पर परीक्षा को ही जीवन मान लेना ये कहां की समझदारी है? दुनिया में ऐसा कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं बना जो किसी के भविष्य को तय कर सके पर वर्तमान दौर में उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अपने भविष्य निर्माण की तैयारी कर रहे छात्रों के बढ़ते मौत के आंकड़े यह बताने के लिए काफ़ी है कि कैसे भविष्य निर्माण के दबाव में बच्चे मौत को गले लगा रहे हैं। वैसे तो हमारे देश में नई शिक्षा नीति को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की गई थी। कहा तो ये तक गया था कि नई शिक्षा नीति रोजगार देने वाली होगी। पाठ्यक्रम बदला, नीतियां बदलीं पर नौनिहालों के जीवन का संकट, भविष्य संवारने की लालसा अभी तक पूरी न हो सकी। देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से प्रतियोगी हो चली है। बच्चे स्कूल में दाख़िल होते भी नहीं और उनके लिए ट्यूशन मास्टर रख दिए जाते हैं। भविष्य गढ़ने की चिंता में बच्चे का बचपन तक दांव पर लगाने से माता-पिता पीछे नहीं हटते हैं।

अभी चंद दिनों पहले ही चेन्नई से एक दर्दनाक खबर सामने आई थी। यहां एक पिता अपने जवान बेटे की मौत के दर्द को सहन नहीं कर पाया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सेल्वासेकर नाम का ये व्यक्ति पेशे से एक फोटोग्राफर था पर कैमरे के लेंस से अपने बेटे के दर्द पर फ़ोकस नहीं कर पाया। उनका बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था पर परीक्षा में असफल हो गया और मौत को गले लगा लिया। इस घटना ने पिता को अंदर तक आहत कर दिया। पिता ने भी बेटे की मौत के गम में आत्महत्या कर ली पर आत्महत्या करने से पहले छात्र के पिता ने अपने मित्र से कहा कि, 'वो अपने बेटे में एक डॉक्टर को देख रहा था, लेकिन काश वो अपने बेटे में सिर्फ अपने बेटे को ही देख पाते। उसका मन पढ़ पाते तो आज उनका बेटा ज़िंदा होता।' ये एक मात्र उदाहरण नहीं, ऐसी दास्तां समाज में अनेक मिल जाएगी, लेकिन वर्तमान दौर में कौन किस मनोदशा से गुज़र रहा है। यह जानने-समझने का समय किसी के पास नहीं! सभी अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो गए है कि सामने वाला व्यक्ति किस दर्द, किस परेशानी में है, इससे किसी का वास्ता नहीं रहा।

पिछले साल नोएडा में ही एक 20 साल के छात्र ने भी खुदकुशी कर ली थी। इस हादसे ने डॉक्टर मां और इंजीनियर पिता की ज़िंदगी में कभी न भरने वाला दर्द दे दिया। उनका बेटा आईआईटी एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था। बेटा अपना बैंड बनाना चाहता था। उसे संगीत का बहुत शौक था, पर पिता के दबाव ने उसे आईआईटी की तैयारी में लगा दिया। बेटे न म्यूजिक पढ़ने की इच्छा जताई तो पिता ने गुस्से में उसका गिटार तोड़ दिया। पिता को लगता है कि उनका बेटा कमज़ोर है, पर मां जानती है कि उनका बेटा हारा नहीं बल्कि उनके स्टेट्स टैग ने उसे हारने पर मजबूर कर दिया था। आज भी हमारे आसपास ऐसी कितनी कहानियां और कितना दर्द भरा हुआ है। कितने मां-बाप अपने जवान बेटे की मौत का मातम मना रहे हैं। राजस्थान के कोटा शहर की ही बात करें तो ये शहर सुसाइड हब बना चुका है। ऐसे में अब जरूरत है अपने बच्चों को बचाने की, न कि स्टेटस सिंबल और अपनी महत्वाकांक्षाओं के नाम पर उन्हें मौत के मुंह में ढकेलने की।

**- सोनम लववंशी**

# स्व. ओमकार प्रसाद तिवारी स्मृति समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज शाम 6 बजे गोपाल सदन, गोपाल बाग में पूर्व मंत्री, अपराजेय विधायक स्व. पं. ओंकार प्रसाद तिवारी की 24 वी पुण्यतिथि पर ओमकार अलंकरण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आज प्रात: 9 बजे दमोह नाका व्यापारी संघ द्वारा ओंकार महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी, जबकि मुख्य समारोह शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह समिति के पं. अनिल तिवारी, पं. आलोक तिवारी, पं. अनूप तिवारी, आस्तिक तिवारी, आयुष तिवारी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।



कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता ने बताया कि ओंकार महाराज स्मृति समारोह की मुख्य अतिथि प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरी नई दिल्ली होगी। अध्यक्षता मप्र गोपालन पशु संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी करेंगे. मंगल आशीष ब्रह्महर्षी बाबरा मिशन की साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी का होगा। कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि सांसद राकेश सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सज्जादा नशीन खानकाहे रब्बानियां, मौलाना सैयद अरशद रब्बानी साहब, भारतीय पसमांदा मंच नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कमर सिद्दीकी, महापौर जगत बहादुर सिंह अनु, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू उपस्थित होंगे।

**यह सभी होंगे सम्मानित-** समारोह संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि स्व. ओमकार महाराज की स्मृति पर आज आयोजित होने वाले ओमकार अलंकरण कार्यक्रम में कला अलंकरण, सामाजिक जागृति अलंकरण, साहित्य अलंकरण, शिक्षा अलंकरण, क्रीडा अलंकरण और विशिष्ट सम्मान के अंतर्गत 18 विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिल्म एवं नाट्य कलाकार आनंद शर्मा, अनु शाह एवं भरतनाट्यम नृत्यांगना अरुक्शा नायक को कला अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा। साथ ही समाजसेवी सूक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रोत्साहन भास्कर रमन, संगठन एवं समाजसेवी विनय जयसवाल, समाजसेवी इकबाल अंसारी एवं समाजसेवी एवं समरसता के क्षेत्र में संदीप जैन को सामाजिक जागृति अलंकरण, वरिष्ठ साहित्यकार व अधिवक्ता एनसी ब्यौहार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता व संगठक संतोष नेमा को साहित्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. शिक्षा अलंकरण के क्षेत्र में डॉ. राजेंद्र प्रसाद कुररिया, डॉ. वैशाली जैन, सीमा भौमिक व रत्नेश मिश्रा को सम्मानित किया जाएगा। वही नेशनल खो खो प्लेयर पूजा बर्मन, शूटिंग की इंटरनेशनल प्लेयर गौतमी भनोट एवं पर्वतारोही रागिनी वर्मा को क्रीडा अलंकरण से सम्मानित किया जाएगाद्य इसी प्रकार समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट सम्मान सहेंद्र श्रीवास्तव एवं सुरजीत जाट को दिया जाएगा।

**शहर की 18 विभूतियों को मिलेगा सम्मान**

# कृषि इंजीनियर्स का 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ




**लाईफटाईम अचीवमेंट एवं विभिन्न अवॉर्ड से सम्मानित हुये ख्यातिलब्ध इंजीनियर्स**

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) 2023 के जबलपुर लोकल सेन्टर एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में कृषि और बागवानी में प्रगति के लिये उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर कृषि अभियंताओं का 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार आयोजन डॉ. एस.एन.झा. डिप्टी डायरेक्टर जनरल (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च, नई दिल्ली एवं कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये अभी से सभी को तैयार होना पड़ेगा, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के इंजी. राकेश राठौर ने बताया कि 16 विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों की ब्रांच देश भर में हैं, इसमें से कृषि इंजीनियरिंग ब्रांच को प्रथम बार जबलपुर में यह सम्मेलन करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस दौरान सम्मेलन से संबंधित तैयार किये गये विभिन्न पब्लिकेशन का अतिथियों द्वारा विमोचन किया। गया। साथ ही विभिन्न पुरूस्कार प्रदान किये गये। जिसमें आईईआई, एमीनेट इंजीयर अवॉर्ड 2022-23 फॉर एग्रीकल्चर इंजीनिरिंग डिवीजन, प्रोफेसर अतुल कुमार श्रीवास्तव अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय, जनेकृविवि, जबलपुर, डॉ. सरंगागुणा हिरीगोदार, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीयरिंग, यूएएस, रैचूर, डॉ. नचिकेत कोतवाली वाले, निदेशक आईसीएआर सीआईपीएचईटी लुधियाना, कुमार निदोनी, प्रोफेसर एण्ड हेड यूएएस, रैचूर, डॉ. पी.के. मिश्रा, कुलपति जनेकृविवि, डॉ. एस.एन. झा, डीडीजी, एग्रीकल्चर इंजीयियरिंग, आईसीएआर नईदिल्ली, इंजी. राजीव चौधरी, डायरेक्टर एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, मध्यप्रदेश शासन भोपाल, इंजी के.सी. ढिमोले, टैक्नीकल एडवाईजर, चीफ मिनिस्टर, अरूणाचल प्रदेश आईईआई, यंग इंजीयर्स अवॉर्ड 2023-24 फॉर एग्रीकल्चर इंजीनिरिंग डिवीजन, डॉ. जिवारिथिनमजी तमिलनायडू डॉ. सिद्धेश, कर्नाटक, डॉ. यलप्पा डी. कर्नाटक आर. टैगोर मेमोरियल लेक्चर अवॉर्ड, निदेशक डॉ. सी.आर. मेहता, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल को प्रदान किया गया।




# रोटरी साउथ ने मनाया हिन्दी दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ अपने स्थापना वर्ष से ही हिन्दी को प्राथमिकता देता आ रहा है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष रोटे. रवि वैश्य के नेतृत्व में किया गया। निर्वाचित प्रांतपाल रोटे. अखिल मिश्र ने कहा कि हिन्दी को महत्व देने के कारण क्लब ने अपने रोटरी डिस्ट्रिक्ट में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। पूर्वाध्यक्ष रोटे.अरुण कान्त अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी सर्वग्रा भाषा है। अनेक बन्धुओं की भ्रांति मिटाने में हम सफल रहे हैं कि, रोटरी एक अभिजात्य वर्ग का संगठन है और इसका प्रत्येक कार्य अंग्रेजी में ही सम्पन्न होता है। समाज के अनेक बन्धु, जो मानवता की सेवा में विश्वास रखते हैं, रोटरी से जुड़ने में नहीं हिचकिचाते। हमारी सदस्य संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। पूर्वप्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक ने हिन्दी की सहजता, सरलता व अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता की चर्चा करते हुए कहा कि अन्य अनेक रोटरी क्लबों द्वारा हिन्दी को अपनाया जाना एक सुखद संकेत है। अध्यक्ष रोटे. रवि वैश्य व वृहत संख्या में उपस्थित सदस्यों ने रोटरी में हिन्दी के चलन को बढ़ावा देने के लिये पूर्वाध्यक्ष रोटे. अरुण कान्त अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव रोटे.सोनम केशरवानी ने प्रस्तुत किया।

# फूहड़ता और लव जिहाद को बढ़ावा देने वाले फैशन शो का विरोध कर धर्म सेना ने रुकवाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** दमोह नाका गोपाल सदन में मंगलवार को हो रहे एक फैशन शो जिसका एक आयोजक उमर खान था का भारी संख्या में गोपाल सदन पहुंचकर विरोध कर नारेबाजी और प्रदर्शन कर हॉल के अंदर पहुंच कर इस शो के बैनर और पोस्टर भी फाड़ कर इस फैशन शो को तुरंत रुकवाया। लगभग एक घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। धर्म सैनिकों ने कहा है कि लव जिहाद, अश्लीलता और फूहड़ता को बढ़ावा देने वाले इस प्रकार के फैशन शो को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस प्रदर्शन में धर्म सेना के योगेश अग्रवाल, लता सिंह ठाकुर, शोभा तिवारी, निशान्त भसीन, चंदन अधिकारी,रविता विश्वकर्मा, शिवा विश्वकर्मा, नितेश पटेल, राकेश श्रीवास्तव, निशांत उपाध्याय, सुरेश गुप्ता, कौशल यादव, संजय रेड्डी, अजय कुशवाहा, आशीष भसीन, दीपमाला, मनीष कुशवाहा, वीरू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को किया सम्मानित

**पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान मिला**

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डिंडोरी की कृषक लहरी बाई को मंगलवार को श्रीअन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष 2021-22 का पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान प्रदान किया। श्रीमती लहरी बाई को कृषक अधिकार वैश्विक संगोष्ठी के अलंकरण समारोह में सम्मान स्वरूप 1,50,000 रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली केसी सुब्रामण्यम ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। डिंडोरी जिले की बजाग तहसील निवासी लहरी बाई ने बैगा समुदाय की सहायता से कोदो, कुटकी, सांवा, काग, सिकिया, मडुआ जैसे दुर्लभ श्रीअन्न प्रजातियों का सीड बैंक विकसित किया है। दिल्ली में 12 से 15 सितंबर, 2023 तक चलने वाली वैश्विक संगोष्ठी में श्रीमती लहरी बाई ने अपने सीड बैंक की प्रदर्शनी भी लगाई है।

**कृषि मंत्री श्री पटेल ने दी बधाई-** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने लहरी बाई की अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स संरक्षण के लिए लहरीबाई द्वारा अदभुत कार्य किया गया है। उनके कार्य की सराहना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रसिद्ध रेडियो प्रोग्राम मन की बात में कर चुके हैं। लहरी बाई ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

# जनसुनवाई में ग्राम पंचायत अमरपुर ने 15 लाख रूपये और मीरा बाई ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की मांग की



**जनसुनवाई में 145 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई**

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टार सौरभ कुमार सुमन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 145 आवेदन-पत्रों की सुनवाई की। उन्होनें जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। अब विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में दूर-सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण विभिन्न समस्यातओं और मांगों को लेकर पहुंचे थे। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मिशा सिहं, अपर कलेक्टर शेरसिहं मीणा, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड, सहित विभागीय अधिकारियों ने आवेदन पत्रों का निराकरण किया। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई में सरपंच ग्राम पंचायत अमरपुर जनपद पंचायत पाटन ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम पंचायत में सभी पंच पद तथा सरपंच पद पर महिलाएं निर्विरोध निर्वाचित हुई है। जिससे ग्राम पंचायत को 15 लाख रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में मिलना चाहिए था। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण अपलोड होने के कारण ग्राम पंचायत को 7 लाख रूपये मिले है। उन्होंने इस त्रुटि को सुधार करने के लिये जनपद पंचायत और जिला पंचायत में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इसलिये त्रुटि को सुधार करने के लिये जनसुनवाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत को 15 लाख रूपये दिलाने की मॉग की जा रही है। कलेक्टार ने जिला पंचायत को उक्तन त्रुटि सुधार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

जनसुनवाई में किशोर कुमार गढवाल ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उसने 1500 वर्गफुट का प्लाटि खरीदा था। प्लाट पर उसने कच्चा मकान बनाया था। अब एक ट्रस्टब के द्वारा उसके प्लाट में रूकावट डाला जा रहा है। जिससे उसके प्लानट में पानी भर रहा है। उसने बताया कि उसने इस संबंध में पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसलिये वह जनसुनवाई में आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर कार्यवाही करने की मांग कर रहा है। कलेक्ट्रेट ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। मीराबाई ठाकुर रांझी, जबलपुर ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने की मांग की है। उसने बताया कि विगत दिवस उसके पति की मृत्यु सड़क दुर्घटना से हो गई है। परिवार में वही कमाने वाला व्यमक्ति था। उसकी मृत्यु से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई हो रही है। इसलिये मीराबाई ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# पूर्व वित्त मंत्री ने 15.36 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम विधानसभा से विधायक व प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत के कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार को पूर्व मंत्री श्री भनोत के द्वारा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के गुलाब सिंह एवं गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में 15.36 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीसी रोड, पेवर ब्लॉक, पुलिया निर्माण जैसे जनहित के विकास कार्य शामिल है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद हेमलता सिंगरौल, पूर्व पार्षद द्वारिका प्रसाद मिश्रा, दिनेश सिंगरौल, मिथुन शिवहरे, प्रमेन्द्र गौतम, वरूण शर्मा, अशोक सूर्यवंशी सहित क्षेत्र के समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुलिसकर्मी स्व. रामप्रसाद की पत्नी को दिया 75 लाख का डिमांड ड्राफ्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पुलिस तथा बैंक ऑफ बड़ौदा भोपाल अंचल के बीच वर्ष 2022 को हुये संशोधित वेतन समझौता यापन में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप एसपी कार्यालय सीटी सेन्टर ग्वालियर के पुलिस कंट्रोल रूम के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक अजय सिंघल द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, ग्वालियर जोन, डी. श्रीनिवास वर्मा (आईपीएस), एसपी ग्वालियर, राजेश सिंह, चंदेल (आईपीएस) कमांडेट 5 बटालियन एसएएफ, मुरैना डॉ. असीत यादव (आईपीएस), असिस्टेंड इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ग्वालियर, अखिलेश सिंह रेलवाल, रिषिकेश मीणा (आईपीएस) ग्वालियर, नीलब चंद्र राय उप महाप्रबंधक (उपअंचल प्रमुख) बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अंचल एवं अशोक कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा सागर क्षेत्र की उपस्थिति में मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस कर्मी स्व. रामप्रसाद की धर्मपत्नि श्रीमति शकुंतला कौशल (बीमा पॉलिसी की नॉमिनी) को दुर्घटना बीमा दावे की राशि रूपये 75 लाख का बैंक का डिमांड ड्राफ्ट प्रदान किया।





एडीजीपी श्री वर्मा द्वारा बैंक के वेतन पैकिज की प्रशंसा की गई एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को त्वरित क्लेम सेटेंलमेन्ट के लिए धन्यवाद भी दिया एवं श्री वर्मा द्वारा स्व. रामप्रसाद के परिजनों को सांत्वना देते हुए भरोसा दिया कि बैंक एवं पुलिस विभाग सदैव उनके साथ है। एसपी श्री चंदेल द्वारा बैंक की पारदर्शिता एवं वेल कम्युनिकेटेड पॉलिसीज की प्रशंसा की गई । बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक अजय सिंगल द्वारा पुलिस विभाग को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में सामाजिक कल्याण एवं बैंक ऑफ बड़ौदा एक साथ काम करेंगे।

# मध्या भारत मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी विधानसभा अन्तर्गत गढ़ पिपरिया और कई गावं ऐसे है जो कि आज भी सरकार की योजनाओं से वंचित हैं। जिसे लेकर मध्य भारत मोर्चा के पदाधिकारी और ग्रामीण जन कलेक्टर कार्यालय पहुंच और मुख्यमंत्री के नाम एस.डी. एम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि आवास योजना के नाम पर एक-एक लाख रूपये के लोन गरीबों को दिये गये हैं जिसको लगातार वर्ष 2015-2016 से ग्रामवासी चुकाते आ रहे हैं। जिसका 10 प्रतिशत ब्याज होने के कारण वह ऋण नहीं चुक पा रहा है। कृपया करके ऋण राशि को माफ किया जाये। वहीं कई गावं आवास योजना से वंचित हैं, अनेकों बार उन्होंने आवेदन दिये एवं तहसील तहसील भटके पर उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर मध्य भारत मोर्चा एवं ग्रामीणजन कलेक्टर कार्यालय पहुंच, इस दौरान भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, महासचिव आशीष मिश्रा, बिहारी, अभिषेक, संजू साहू, नीरज ठाकुर, गगन पटेल, रामगोपाल, नोनी बाई, सोम बाई कुशवाहा, कल्पना कुशवाहा, ओमकार पंचम लाल, सविता बर्मन, किशन सिंह आदि उपस्थित रहे।



# महामंत्री के सगे भाई सहित भारी संख्या में कर्मचारी लेबर यूनियन में शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमीकरण के समर्थन करने के चलते पहले ही देश के तमाम सुरक्षा संस्थानों में कार्य कर रही महा संगठनों ने एआईडीईएफ यानी की इंटक से अपनी दूरियां बना ली थी। अब इसका असर स्थानीय निर्माणीयों में भी देखने को मिल रहा है। आयुध निर्माणी खमरिया में स्थानी सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) के कई सदस्यों ने इंटक की सदस्यता छोड़ कर एआईडीईएफ संबंधित लेबर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। हद तो तब हो गई जब सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के स्थानीय महामंत्री राकेश रंजन का सगा भाई मुकेश रंजन ने अपने कई साथियों के साथ लेबर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुकेश कुमार रंजन, सुमित सिंह, कमलेश कलार, धर्मेंद्र झा, संदीप कुमार, राज कुमार गंधर्व, पुलकित संघेला, कल्याण प्रजापति, प्रवीन बागले, मुकेश दिवाकर, सामिर खान, अनिल, अंकित यादव आदि साथियों को यूनियन के महामंत्री अर्नब दासगुप्ता ने पुष्पहार पहनकर स्वागत किया साथ ही सदस्यता ग्रहण करवाई।

# बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए सड़कों की मरम्मत भी तेजगति से कराई जायेगी : महापौर

**दिसम्बर 2023 तक सीवर के 75 हजार नए कनेक्शन होगें**



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में चल रहे अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के साथ-साथ सीवर कार्यो की समीक्षा मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई। बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने विशेष रूप से सर्वप्रथम मॉं नर्मदा में मिलने वाले गंदे नालों पर लगाये जा रहे ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यो की समीक्षा की। जहां पर प्रगति की जानकारी दी गई कि यह कार्य बहुत तेज गति से कराये जा रहे हैं और नवम्बर 2023 तक ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। नर्मदा में नवम्बर के बाद स्वच्छ जल ही प्रवाहित होगा। पब्लिक और पार्षदों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक अधिकारियों से चर्चा की और सभी कार्यो में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिये गए। महापौर के निर्देश के दौरान ही दोनो विभाग के अधिकारियों ने महापौर को आश्वस्त किया कि शहर में विकास कार्यो को पूर्ण कराने, शहर की सडकों को गड्ढा मुक्त करने तथा सीवर लाइन बिछाने के उपरांत री-स्टोरेशन के कार्यो को भी गति प्रदान करने तथा पूर्ण करने के लिए निगम का अमला तैयार है तथा तेजी से काम कर रहे हैं।




महापौर श्री अन्नू ने समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि अभी वर्तमान में तत्कालिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सड़कों की मरम्मत तेज गति से कराई जा रही है। बारिश सत्र के दौरान क्षतिग्रस्त हुए शहर की सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी। अभी उन्होंने मानसून सत्र के दौरान भी आम नागरिकों को आवागमन करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए जो उचित हो सके उस व्यवस्था के अनुसार सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये।

समीक्षा में पाया गया कि अभी तक मात्र 18 से 20 हजार सीवर कनेक्शन ही हो पाए हैं। परन्तु अब उन्होंने अधिकारियों को नया लक्ष्य प्रदान करते हुए दिसम्बर 2023 तक 75 हजार सीवर कनेक्शन करने के निर्देश दिये।

**सिविक सेन्टर के चारों तरफ और दमोहनाका फ्लाई ओव्हर में बाधक अनेक अतिक्रमण हटाए गए-** यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ-साथ विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न करने वाले स्थाई एवं अस्थाई निर्माणों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज भी सिविक सेन्टर के चारां तरफ एवं फ्लाई ओव्हर के निर्माण में बाधक अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्यवाही की गयी।

# मानवता के महानायक थे पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी

## महाराज की स्मृति एवं निर्भय दिवस पर विशेष...

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओंकार महाराज के नाम से सभी के दिलों में राज करने वाले स्वर्गीय ओंकार प्रसाद तिवारी ने ऊर्जा एवं सिंचाई राज्य मंत्री के रूप में जबलपुर के विकास के लिए जो कार्य किए हैं वह आज भी संस्कारधानी याद करती है। ओंकार प्रसाद तिवारी ने हमेशा अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीवन जीने का कार्य किया है और उनका यही गुण उन्हें अपराजेय विधायक के रूप में भी जाना जाता था। ओंकार तिवारी ने हमेशा जातपात और वर्ग विशेष की भावना से ऊपर उठकर जिस कार्य को हाथ में लेते थे उसे जब तक वह पूरा नहीं करते थे और उनकी यही सबसे बड़ी विशेषता आज भी लोगों को याद है। आम जन मे महाराज के नाम से पुकारे जाने वाले ओकार महाराज एक ऐसे नेता थे जो 24 घंटे और सातों दिन आम जनों के लिए जीते थे उनकी छवि दबंग और जुझारू नेता के रूप में हमेशा याद की जाएगी। महाराज के नाम से हर लोगों के दिलों में बसने वाले ओंकार तिवारी जमीन से जुड़े जन सेवक थे। जन सेवा किस प्रकार आम जनों के लिए की जाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण रहे हैं ओंकार महाराज।

उनके यहां उसे दौरान लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचते थे और लोगों को यह आस रहती थी कि महाराज के यहां आने पर उनकी समस्या का निदान हो जाएगा। लोग कभी भी महाराज के घरं से निराश होकर नहीं लौटते थे। महाराज के यहां पहुंचते ही जिसकी जो समस्या होती थी उसके अनुरूप महाराज अपने घर से फोन पर या समस्या बड़ी होने पर अपनी गाड़ी में बैठकर पीड़ित लोगों को संबंधित अधिकारियों के यहां ले जाते थे और मौके पर ही लोगों की समस्या हल करने की बात एक दबंग नेता के रूप में महाराज कहते थे। उनका यही अंदाज आज भी इतने वर्षों बाद भी लोगों के मन में बरकरार है। भाजपा को वृट वक्ष का स्वरूप देने में जिन नेताओं का नाम इनमें लिया जाता है, उनमें स्व. ओंकार प्रसाद तिवारी भी शुमार हैं। यह ऐसा दौर था जब भाजपा जनसंघ के रूप में जानी जाती थी। इस समय पार्टी से लोगों को जोड़ना अत्यंत कठिन काम था। इसके बाद भी महाराज के नाम से मशहूर ओंकार प्रसाद तिवारी ने अपनी जीवटता एवं अपने जीवंत जनसंपर्क की बदौलत पार्टी को शहर के मुख्य केंद्र माने जाने वाले क्षेत्र में खड़ा करने का काम किया। ऐसा बताया जाता है कि मिलौनीगंज चौराहा के समीप महाराज की गद्दी में क्षेत्र के लोग पहुंचते थे। यहां से लोगों की समस्याओं को महाराज निपटाने का काम करते थे। अपनी दबंग शैली के चलते कई बार तो गद्दी से ही फोन पर लोगों की समस्या को हल करने का काम महाराज कर देते थे



यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि समय के साथ महाराज के नाम से मशहूर होने वाले ओंकार प्रसाद तिवारी जबलपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश में पार्टी के शीर्ष नेताओं की पसंद वाले नेता बन गये थे। उत्तर-मध्य क्षेत्र में जो नीव महाराज ने डाली थी उसके परिणाम स्वरुप ही आज भाजपा की जड़े जमीन तक पहुंच गई हैं। ओंकार तिवारी की तरह आज के नेताओं में बहुत कम गुण देखने को मिलते हैं वह जन सेवा को एक जुनून की तरह लेते थे और उनकी सरलता और सौम्यता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उस दौरान मंत्री बनने के बाद भी ओंकार तिवारी पहले की तरह ही लोगों से मिलते जुलते थे। इस दौरान लोगों को लगता ही नहीं था कि महाराज अब मंत्री बन गए हैं। वह अपने महाराज को पहले की तरह एक सामान्य नेता के रूप में देखकर बहुत खुश होते थे। आज भी महाराज को जानने वाले लोगों का कहना है कि ओंकार महाराज की तरह शायद ही कोई ऐसा नेता हो जिसके यहां पूरे जबलपुर की जनता अपने दुख सुख की समस्या को लेकर पहुंच जाए और उनकी मुश्किलें पलक झपकते ही हाल हो जाती हैं।

आज भी लोग महाराज की गद्दी को याद करते नहीं थकते हैं। अपने क्षेत्र के साथ पूरे शहर में महाराज की ख्याति थी। इसके पीछे जो बात बताई जाती है उसमें कहा जाता है कि महाराज की गद्दी में जबलपुर या जिले से बाहर से आने वाले लोगों की समस्या सुनी जाती थी, महाराज को इससे कोई मतलब नहीं रहता था कि उनके पास आने वाले लोग उनके अपने विधानसभा क्षेत्र के हैं अथवा दूसरे क्षेत्र के हैं। एक तरह से महाराज को लोगों की मदद करने का जुनून था और इसी के चलते महाराज केवल और केवल जो भी उनके पास आता था, उसको त्वरित रिलीफ दिलवाने का काम करते थे। महाराज का स्वाभाव ऐसा था कि जो बात उन्हें पसंद नही आती थी, उस पर तुरंत अपनी टिप्पणी कर देते थे, इससे कई बाद लोगों को लगता था कि महाराज गुस्से हो गये है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होता था, महाराज अगले पल ही लोगों से प्यार करने लगते थे और समस्या का हर संभव हल करने का प्रयास करते थे।

यहां पर एक बब्बा रहते थे, जो महाराज के बेहद खास थे। उनके हवाले महाराज की गद्दी रहती थी। उस दौरान ज्यादातर बच्चों के जाति अथवा दूसरे प्रमाण पत्र में अनुशंसा के लिये लोग महाराज की गद्दी में अपने प्रमाण पत्र जमा करा देते थे, इसके कुछ घंटे बाद लोगों को बकायदा उनके बच्चों के प्रमाण पत्रों इत्यादि में महाराज के हस्ताक्षर और सील लगाकर दे दी जाती थी। उस दौरान महाराज की गद्दी में यह नहीं पूछा जाता था कि आप किस उनके क्षेत्र के हो या दूसरे इलाके से आये हैं। इस तरह की खूबियों ने महाराज को दूसरे नेताओं से अलग बना दिया था। इसी के चलते उत्तर मध्य विधानसभा भाजपा की सबसे मजबूत सीट प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बन गई थी।

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी पहुंचे थे अंतिम दर्शन करने-** महाराज की लोकप्रियता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके निधन के दौरान उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जबलपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आये थे, उसी समय उन्हें बताया गया कि महाराज ओंकार प्रसाद तिवारी दुनिया को अलविदा कह गये हैं। जानकारी लगते ही अटल जी ने महाराज के अंतिम दर्शन की इच्छा जताई, उस समय बारिश का समय चल रहा था और प्रधानमंत्री का अचानक से शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में कार्यक्रम बनाना भी कठिन था, सुरक्षा एजेंसियां एकाएक तैयार नहीं हो रही थी, लेकिन अटल जी के आगे एक नहीं चली और अटल जी के आने के लिये आनन-फानन में सुरक्षा से जुड़े इंतजाम किये गये और अंततः महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करने अटल जी प्रधानमंत्री के रूप में आये थे। इससे यह बात पता चलती है कि अटलजी के कितने ज्यादा करीब थे महाराज।



# एकल व समूह नृत्यों ने बांधा समां

**जबलपुर, देशबन्धु।** एकल और समूह नृत्यों में प्रतिभागियों ने मनोरम रंग बिखेरे। केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में दो दिवसीय संभाग स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व कला उत्सव 2023 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्लस्टर से 135 छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और नाट्य मंचन खास रहे। विजेताओं को ट्रॉफी और शील्ड से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि केवि सहायक आयुक्त सरोज इबास, पर्यवेक्षक संतोष कुमार द्विवेदी, प्राचार्य वायके सोलंकी, दीप्ति सत्संगी, विष्णुकांत त्रिपाठी मौजूद रहे। चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर में शामिल होंगे।

# कॅरियर फेयर में मिली हाथों हाथ नौकरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** छात्राओं को उद्यमिता के अवसर और स्वरोजगार की मूलधारा से जोड़ने के लिए गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कॅरियर अवसर मेला आयोजित किया गया। कैम्पस ड्राइव में छात्राओं को इकोफ्रेंडली गणपति बनाना सिखाया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. संतोष जाटव, प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे, संयुक्त संचालक अरविंद यादव, डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. सुनील वाजपेयी, एमएस मरकाम, अर्चना भटनागर, डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. सुलेखा मिश्रा मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि उद्यमिता का प्रशिक्षण स्वरोजगार से जोड़ता है। ऐसे में हुनर और कौशल से सफल उद्यमी बन सकते हैं।

**आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति-** कार्यक्रम में छात्राओं ने आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही लाइव डेमोन्स्ट्रेशन, स्टार्टअप प्रोग्राम की जानकारी दी। बेहतर रोजगार के लिए ड्रोन संचालन की जानकारी दी गई। कैम्पस ड्राइव में 33 कंपनियां शामिल हुईं। इस मौके पर डॉ. उज्जवला खारपाटे, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. आरएन श्रीवास्तव मौजूद थे। मेले में 380 पंजीयन हुए, जिसमें से 55 का चयनकर ऑफर लैटर दिए गए।

# सफर का मेला आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीराने पीर की दरगाह में इस्लामिक माह सफर के आखरी बुधवार को मेले का एहतेमाम किया गया है। इस मौके पर सुबह कुरान ख्वानी व मिलाद शरीफ एवं बाद नमाज़ असर चादरपोशी की जाएगी जिसके उपरांत सलातो सलाम पेश किया जाएगा और तबरूख तक़सीम किया जाएगा। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, ने अक़ीदत मंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

# सैय्यदना आला हज़रत का उर्स मुबारक का एहतेमाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** इमाम अहले सुन्नत सैय्यदना आला हज़रत का उर्स मुबारक का एहतेमाम मंगलवार मुताबिक पच्चीस सफर को आस्ताना ए आलिया दारूस्सलाम उपरेनगंज मे किया गया है। इस मौके पर सुबह 8 बजे कुरानख्वानी का एहतेमाम किया जाएगा एवं 10 बजे कुल शरीफ की न्याज की जायेगी। मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी आयोजन की सरपरस्ती करेंगे। महफिल मे हुजूर गौसे आजम के तोशा शरीफ की न्याज का भी एहतेमाम किया जाएगा। नायबे मुफ्ती ए आज़म म. प्र. सज्जादानशीन हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने वक्त का ख्याल रखते हुए शिरकत करने व सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है। गढ़ा मुजावर मुहल्ले मे भी आला हज़रत के उर्स के मौके पर दोपहर 2.38 बजे कुल शरीफ का एहतेमाम किया गया है। आसिफ कादरी, अर्शद कादरी ने अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है।




# चीज प्रोडक्शन का प्रैक्टिकल समझा

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान में बीएससी होटल मैनेजमेंट के छात्रों को एजुकेशन टूर और प्रैक्टिकल वर्क के लिए नासिक ले जाया गया।

यहां छात्रों ने जहां चीज और बटर निर्माण की प्रक्रिया देखी, वहीं खुद प्रैक्टिकल नॉलेज करके देखा। छात्रों का कहना था कि प्रैक्टिनल नॉलेज के लिए फूड फैक्ट्री में खुद काम करके देखना आवश्यक है। इस प्रैक्टिकल टूर से एग्जाम प्रोजेक्ट में काफी मदद मिलेगी।

# फैशन शो में बिखरे खादी के रंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** फैशन शो के दौरान रैम्प वॉक में महिलाओं ने खादी के रंग दिखाए। इस बीच कोई नेहरू बना तो कोई इंद्र बनकर आया। संगम कॉलोनी जैन मंदिर में खादी फैशन शो आयोजित हुआ। दो चरणों में हुई प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 8 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, वहीं दूसरे चरण में महिलाओं ने मल्लप्पा, राम, सीता, इंद्र, इंद्राणी, बालक वर्धमान का रूप धारण किया। इस मौके पर साधना कश्मीर, साधना गायिका, रानी, नीलू, लाली, चंचल, स्नेहलता, जया कौशल, रेणुका, डॉली, ज्योति मौजूद रहीं।



## दैनिक राशिफल

**बुधवार 13 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र-मघा।**

**मेष** भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा।

**वृषभ** आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे।

**मिथुन** आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे।

**कर्क** आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा।

**सिंह** किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है।

**कन्या** आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा।

क.

**तुला** आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

**धनु** कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं।

**मकर** आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे।

**कुंभ** आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे।

**मीन** आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे।

मा.

**पॉजिटिव थिंकिंग से कर हर मैदान फतह**

# सकारात्मक सोच से हर हो जाती है जीवन की मुश्किलें

**जबलपुर, देशबन्धु।** पॉजिटिव थिंकिंग..., जिसके जरिए हर बड़ी से बड़ी मुसीबत को आसानी से हल किया जा सकता है। मुश्किलें चाहे जितनी भी हो यदि सकारात्मक सोच साथ है तो हर मुश्किल दूर हो जाती है। पॉजिटिव थिंकिंग के जरिए लोग जीवन के हर उतार-चढ़ाव को पार कर लेते हैं। फिर चाहे किसी बीमारी से फाइट करना हो या फिर नई बिजनेस की शुरुआत करनी हो। हर एक कदम पर पॉजिटिव थिंकिंग आगे बढ़ने का हौसला देती है। पॉजिटिव थिंकिंग से जीवन की मुश्किलों को हल करने के लिए ही हर साल 13 को पॉजिटिव थिंकिंग डे मनाया जाता है।

**साइंटिफिक पहलू से जुड़ी है-** पॉजिटिव थिंकिंग साइंटिफिक पहलू से जुड़ी हुई है। यह जीवन जीने का तरीका बदलती है और मन खुश रखती है। क्योंकि सोच का संबंध अच्छी सेहत से है, इसलिए जिस तरह की सोच हम रखते हैं वैसे केमिकल का स्राव शरीर में होता है।

### ऐसे बढ़ेगी पॉजिटिव थिंकिंग

- योगाभ्यास करना, - मनपसंद किताबों को पढ़ना
- हर घटना के नजरिए को बदलना
- नैगेटिव लोगों से दूरी बनाना
- हर घटना के नजरिए को अलग देखना




- छोटी-छोटी बातों में खुशियां खोजना
- ऐसे कामों से शुरुआत करना जिससे खुशी मिले

### सकरात्मक सोच ने बदला जीवन

मैं एक साधारण व्यापारी परिवार का हूं। पिताजी की कमाई से हम छह भाई बहनों का गुजारा होता था। गवर्नमेंट स्कूल से पढ़ाई की और खुद का खर्च कोचिंग पढ़ाकर चलाया। इस बीच परिवार में कई आर्थिक स्थतियों का संकट भी रहा, लेकिन सकारात्मक सोच ने परिवर्तन कायम किया और मैंने सीए की उपाधि ली। सकारात्मक सोच के कारण ही मैं और मेरे भाई बहन अच्छे पदों पर आसीन हैं। बच्चो को भी हमेशा सकारात्मक रहने की सीख देता हूं, जो मुझे पिताजी से मिली थी।

**तरुण पारवासी, सीए प्रोफेशनल**

### बिगड़े स्वास्थ्य में पॉजिटिव थिंकिंग ने उबारा

साल 2013 में शादी के बाद खुशहाल जीवन चल रहा था। 2013 में फर्स्ट और 2014 में दूसरा मिसकैरिज हुआ। साल 2015 में स्थिति यह हुई कि गर्भाशय की दो सर्जरी हुईं। परिवार के ताने और दुखद घटना से तोड़ दिया था। खुद को संभाला और 2015 में जुड़वा बच्चे होने की खबर मिली, चौथे माह में पता चला कि दोनों में से एक ही जीवित रहेगा। 2016 में सिर्फ बेटा ही मिला, बेटी की मृत्यु हो चुकी थी। साल 2018 से माइंडफुलनेस शुरू किया और खुद में बदलाव देखा। अब दो बच्चों के साथ सकारात्मक जीवन जी रही हूं।

**अर्चना तिवारी, इंजीनियर**

### सकारात्मक विचार से डवलप होते केमिकल

सकरात्मक विचार मन में आते ही दिमाग में डोपामिन, गावा, नॉरफिनोफिन, सिरोटिनिन केमिकल रीलिज होता है। इससे आनंद की अनुभूति होती है और मन खुश रहता है। इससे बेहतर काम को सोचने समझने की क्षमता भी प्रभावित होती है। व्यक्ति किसी भी काम में फोकस नहीं कर पाता।

**प्रीति गुप्ता, काउसंलर**

# हाफ मैराथन में जुड़ेंगे शहरवासी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना मध्य कमान के तत्वावधान में सूर्यमान रहो, गतिमान रहो थीम पर पहली बार सूर्या हॉफ मैराथन का आयोजन होगा। इसमें सेना के जवानों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हो सकेंगे। मैराथन तीन कैटेगरी में होगी। फर्स्ट कैटेगरी में 21 किमी, दूसरी कैटेगरी में 10 किमी और तीसरी कैटेगरी में 5 किमी की दौड़ होगी। प्रथम तीन धावकों को पुरस्कृत किया जाएगा। मैराथन में शामिल होने के लिए सूर्य हॉफ मैराथन सूर्यमान रहो, गतिमान रहो की सर्च से सोशल मीडिया के कैम्पेन में शामिल हो सकते हैं।

# संगीतमय कार्यक्रम आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रस रागिनी म्यूजिक ग्रुप के तत्वावधान में 13 सितम्बर को रानी दुर्गावती संग्रहालय में शाम 6.30 बजे से संगीतमय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# रांझी में भगवान कृष्ण की छठी मनायी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राधा कृष्ण मंदिर रांझी में मंगलवार को श्री कृष्ण का छठी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चन एवं श्रृंगार कर विशाल भंडारा का आयोजन समाज सेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा किया गया। जिसमें हरिरा एवं लड्डुओं का वितरण महिला मंडल की सदारानी साहू, मीना सुरी एवं महिला मंडल द्वारा भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में भक्तजनों ने पहुंचकर इस पूजन अर्चन एवं भंडारे का लाभ लिया। जिसमें मंदिर संयोजक विष्णु चौबे, जबलपुर शहर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे, पंडित धीरज शास्त्री, रमेश पंडित, आशु वत्स, जग्गू विश्वकर्मा, नारायण गुप्ता, राजेश श्रीवास, संजीव पटेल, संजीव भाटिया, चंद्रकांत मिश्रा, गिरधारी लाल अग्रवाल, कार्यक्रम में उपस्थित थे।



# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती श्यामा तिवारी-** शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री सदानंद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा तिवारी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी शर्मा-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बीडी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी शर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री वर्मा-** शीतलामाई निवासी श्री राजेंद्र वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोमवती प्रजापति-** मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री नीलेश प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती प्रजापति (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री मुन्ना लाल कोरी के पुत्र श्री प्रदीप कोरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल वाजपेयी-** एमआईजी 246, धनवंतरी नगर निवासी श्री अनिल वाजपेयी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# वोटर आईडी बनाने 2500 की रिश्वत लेते बीएलओ को लोकायुक्त टीम ने दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब लोकायुक्त टीम ने वोटर आईडी बनाने के एवज में 2500 रुपए की रिश्वत ले रहे बीएलओ विशालीराम कोल को रंगे हाथ पकड़ लिया। बीएलओ के पकडने़ जाने की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी।

इस संबंध में एसपी संजय साहू ने बताया कि अधारताल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में वोटर आईडी (मतदाता परिचय पत्र) बनाने के लिए अहफाज पिता वकील खान उम्र 33 वर्ष निवासी लालबहादुर शास्त्री वार्ड ने आवेदन दिया। जिसपर बीएलओ विशाली राम कोल ने 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। अहफाज ने इस बात की शिकायत लोकायुक्त आफिस पहुंचकर की, इसके बाद मंगलवार को अहफाज ने स्कूल पहुंचकर बीएलओ विशालीराम कोल को 2500 रुपए की रिश्वत दी। तभी लोकायुक्त टीम में शामिल डीएसपी सुरेखा परमार, इंस्पेक्टर स्वप्रिल दास, मंजू किरण सहित 4 अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया। बीएलओ विशाली राम के रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही।





# देर रात तक घूमने वालों पर होगी पुलिस की नजर, रोककर होगी कड़ी पूछताछ

**जबलपुर, देशबन्धु।** अब शहर में देर रात तक घूमने वालों की खैर नहीं होगी। देर रात घूमने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इन सभी लोगों को रोककर नाम, पता, मोबाइल नम्बर, आधारकार्ड व आने जाने का प्रयोजन पूछा जाएगा। यदि संतोषप्रद जबाव नहीं मिला तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इस आशय के आदेश एसपी टीके विद्यार्थी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व गश्त प्रभारियों को दिए है। एसपी श्री विद्यार्थी ने आगे बताया कि प्रतिदिन रात्रि व प्रभात गश्त में शहर व देहात में एक राजपत्रित अधिकारी व दस थानाप्रभारी/उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी तथा 36 थाना चैक गस्त अधिकारी के अलावा 39 चीता मोबाईलें व 40 एफआरव्ही मोबाईलें गश्त में रहती है। अब विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड में असामाजिक तत्वों, अवैध शराब, रुपए, गोल्ड आदि के अवैध ट्रांसपोटेशन की धरपकड़ के लिए समय बदल-बदल कर सुबह, दोपहर, शाम व देर रात विशेष चेकिंग की जाएगी। इसके लिए 60 से अधिक सब-इंस्पेक्टर की ड्यूटी नामजद लगाई गई है। जिनके अधीनस्थ 6 से 8 का बल रहेगा। एसपी ने इन सभी अधिकारियों को पुलिस कंट्रोल रुम में ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया है।

# बच्चों व गर्भवती-धात्री महिलाओं के रक्त की हुई जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** पोषण माह की गतिविधियों के तहत रक्त में हिमोग्लोबिन की जांच के लिये 12 से 14 सितंबर तक चलाये जा रहे अभियान के पहले दिन मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रों पर छह वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के रक्त की जाँच की गई । सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास



मनीष सेठ के मुताबिक अभियान के पहले दिन आज 11हजार 501 बच्चों तथा 5 हजार 185 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का रक्त परीक्षण किया गया । इनमें से 768 बच्चों तथा 619 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई गई । इस दौरान बच्चों के माता-पिता को तथा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक खान पान का परामर्श दिया गया एवं आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट और सिरिप प्रदान कर सेवन की सलाह दी गई। आज इस अभियान के तहत स्कूलों एवं छात्रावास में कक्षा 9 से 12 वर्ष तक की किशोरी बालिकाओं के रक्त में हिमोग्लोबिन की जांच की जायेगी।

## गोंडवाना संरक्षण ने सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल मिला। जिसमें गोंडवाना साम्राज्य के राजा अमर शहीद शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाहजी के शहादत दिवस 18 सितंबर 23 को शासकीय स्तर पर मनाया जाने संबंधी और उसकी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की।





# म.प्र. महिला विद्युत मंडल द्वारा बनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

जबलपुर, देशबन्धु। म.प्र. महिला विद्युत मंडल द्वारा संचालित पालनाघर एंव बालक मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल के के.जी. विभाग के नन्हें बच्चों व शिक्षिकाओं द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षा डॉ. अंजना तिवारी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित झांकी, नाटिका- गोरा कुम्हार, फैंसी ड्रेस, कृष्णा अवतार, नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति द्वारा बच्चों को पुरूस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधक समिति से अध्यक्षा डॉ. अंजना तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी महिला मंडल पदाधिकारी प्राचार्या, शिक्षिकाएं व अभिभाषक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कविता विरूटकर व आभार प्रदर्शन प्राचार्या शशिकिरण श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# खंडवा के युवक ने जबलपुर की युवती का पति से कराया तलाक, अब शादी से कर रहा इंकार

**जबलपुर,देशबन्धु।** युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर खंडवा के युवक ने महिला का उसके पति से तलाक कराया। इसके बाद जब युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो इंकार कर दिया। युवती ने खंडवा के थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।



पुलिस के अनुसार जबलपुर के गोहलपुर क्षेत्र में रहने वाली युवती व उसका पति कोरोना में कामकाज ठप होने के कारण खंडवा अपने रिश्तेदार के घर चले गए। जहां पर पति को काम मिल गया, जिसके चलते दोनों खंडवा के घासपुरा में किराए का मकान लेकर रहने लगे। करीब एक साल पहले मोहल्ले के ही एक युवक मोसुद्दीक ने सोशल मीडिया पर मैसेज किया. पहले तो ध्यान नहीं दिया, इसके बाद लगातार मैसेज करता रहा. जबाव न देने पर घर के आसपास घूमने लगा यहां तक कि धमकी दी कि दोस्ती कर ले नहीं तो मोहल्ले में बदनाम कर देगा। दहशत के कारण युवती ने मोसुद्दीक से बातचीत शुरु कर दी। एक दिन मोसुद्दीक ने युवती को अपने दोस्त के घर बुलाया। जहां पर मौका पाकर मोसुद्दीक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। मोसुद्दीक अक्सर घर आता रहा, पति ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। दहशत के बाद युवती अपने पति के साथ जबलपुर आ गई, कुछ दिन बाद मोसुद्दीक भी जबलपुर आ गया और धमकी देते हुए पति से तलाक करा दिया। इसके बाद खंडवा ले गया और जहां पर 8 माह तक लिव इन रिलेशनशिप में रखा। इसके बाद जब युवती ने शादी के लिए कहा तो इंकार कर दिया। इस दौरान युवती को पता चला कि मोसुद्दीक किसी अन्य युवती से भी बातचीत करता है। यहां तक कि युवती से कहा कि ऐसे ही वह लड़कियों को उपयोग करके छोड़ देता है। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# रोक के बावजूद भी पार्क में मंदिर निर्माण को चुनौती

## हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर सार्वजनिक पार्क पर तहसीलदार द्वारा निर्माण कार्य पर लगाई गई रोक के बावजूद मंदिर निर्माण को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित याचिका जबलपुर महाराजपुर निवासी अपर्णा कोल व अन्य की ओर से दायर की गई है। जिसमें आरोप है कि महराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सार्वजनिक पार्क पर अतिक्रमण करके मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जो अवैध है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उनकी शिकायत पर उद्यान अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद भी पार्क पर मंदिर का निर्माण कर के भगवान शिव जी की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। जबकि हाईकोर्ट ने सार्वजनिक पार्क व सड़क पर अतिक्रमण कर मंदिर बनाये जाने पर रोक लगाते हुए उन्हें हटाने के आदेश दिये है। वहीं दूसरी ओर पार्क पर अवैध रूप से निर्माण की शिकायत के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मप्र शासन, जबलपुर कलेक्टर व नगर निगम जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा।




## जिस सत्र में दिया आवेदन, उसी दौरान होना चाहिये नवीनीकरण

### नर्सिंग काउंसिल ऑफ इंडिया पर मनमानी का आरोप, सुनवाई दो सप्ताह बाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में एक मामले में कहा गया कि जिस सत्र में मान्यता नवीनीकरण का आवेदन दिया जाये, नियमानुसार उसी सत्र में उसका निराकरण किया जाना चाहिये। आरोप है सिंग कांउसिल आफ इंडिया मामले में मनमाना रवैया अपनाये हुए है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आवेदक के तर्को को सुनने के बाद मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद किये जाने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता हैप्पी ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्होनें 2015 में नर्सिंग कालेज की मान्यता के नवीनीकरण का आवेदन किया था।

नर्सिंग काउंसिल आफ इंडिया ने नवीनीकरण प्रक्रिया के सिलसिले में दो बार निरीक्षण फीस जमा कराई, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नही की। जिस कारण सत्र 2016-17 का मान्यता नवीनीकरण आवेदन लंबित है। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। नोटिस जारी होने के बाद नर्सिंग काउंसिल आफ इंडिया ने अपना जवाब पेश किया जिसमें कहा गया कि 2018 में नया नियम बन गया है। जिसके तहत नर्सिंग काउंसिल आफइंडिया नहीं बल्कि स्टेट नर्सिंग काउंसिल मान्यता नवीनीकरण आवेदन पर निर्णय लेगी। यह अधिकार उसे दिया गया है। वहीं आवेदक की ओर से अधिवक्ता ब्रम्हानंद पांडे ने पक्ष रखते हुए कहा कि आवेदक ने वर्ष 2018 के पूर्व आवेदन किया था।

## अलग रहने पर कैसे बन सकता है दहेज प्रताड़ना का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया गया कि जब वह बेटे बहू से अलग रहते है तो दहेज प्रताड़ना का प्रकरण कैसे बन सकता है। सास-ससुर व देवर की ओर से दायर मामले में उक्त दावा किया गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले राज्य शासन, गृह सचिव, एसपी कटनी, थाना प्रभारी एनकेजे कटनी व निशा प्रतापति को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह मामला कटनी निवासी धनीराम चक्रवती व सनोती चक्रवती की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनके बड़े बेटे महेंद्र चक्रवर्ती का विवाह निशा प्रजापति के साथ हुआ था। विवाह के बाद निशा और महेंद्र अलग रहने लगे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। जिसके बाद निशा ने अपने पति महेंद्र बल्कि उनके खिलाफ भी दहेज प्रताड़ता का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये की डिमांड किये जाने की बात कही। पुलिस ने झूठी शिकायत के आधार पर प्रकरण कायम कर लिया। इस वजह से गिरफ्तारी से बचने उन्हें जमानत लेनी पड़ी। मामले में एफआईआर निरस्त किये जाने की राहत चाही गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## ननि सदन की स्थगित बैठक 15 को

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विजय के द्वारा बताया गया कि नगर पालिक निगम सदन की स्थगित बैठक 15 सितंबर को आयोजित की जायेगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13764575H Rank HAV NAME HARBANS SINGH of Presently residing at Vill GANIA, P/O-GANIA, TEH- NOWSHERA, DISTT- RAJOURI (J&K) PIN 185151 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम KAMELESH DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम KAMLESH DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम KAMLESH DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597078 दिनांक 11/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- KAMELESH DEVI
सही नाम- KAMLESH DEVI

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13764573X Rank HAV Name DEEPAK KUMAR Presently residing at Vill- RAJEEV NAGAR CHERITAL PO- VIJAY NAGAR Teh- JABALPUR Distt JABALPUR (MP)PIN - 482002 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम PARVATI GURUNG दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम PARWATI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम PARWATI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597060 दिनांक 12/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- PARVATI GURUNG
सही नाम- PARWATI

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13771756W Rank HAV Name AMARPAL SINGH Presently residing at Vill- POONCH PO-POONCH Teh- HAVELI Distt POONCH (J&K) PIN-185101 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम NARINDER KAUR दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम NARINDER KOUR है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम NARINDER KOUR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 36AA 597077 दिनांक 11/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- NARINDER KAUR
सही नाम- NARINDER KOUR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13764534Y Rank HAV Name NAVIN RAI Presently residing at Vill- MAIRUNG PHARAS (FOREST) BUSTY PO- ALGARAH Teh- KALIMPONG Distt KALIMPONG (WB) PIN- 734314 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम POKLHI MAYA RAI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम POKCHI MAYA RAI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम POKCHI MAYA RAI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597059 दिनांक 12/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- POKLHI MAYA RAI
सही नाम- POKCHI MAYA RAI

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै,Tamilzrasi पत्नी Thangavel उम्र 48 वर्ष निवासी- House No 3/296 Street-Velavan Nagar, Villge-Vilandai Post Office-Vilandai Telegram Office- Tirukoilur, Police Station-Manalurpet T.K-Tirukoilur District- Viluppuram , State- Tamil Nadu PIN code 605756 ,मेरे पुत्र का आर्मी नंबर-15705812W Rank-Sigmn Sivanandam T है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Tamil & जन्मतिथि 01/07/1971 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Tamilzrasi & जन्मतिथि 01/01/1975 दर्ज है जो सही है दोनों एक ही व्यक्ति हैं। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Tamil & जन्मतिथि 01/07/1971 के स्थान पर मेरा नाम Tamilzrasi & जन्मतिथि 01/01/1975 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे।
जबलपुर - 09/09/2023

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अमन छाबड़ा था जो अब बदलकर अमन राजीव छाबड़ा हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मुझे अब मेरे इसी नाम अमन राजीव छाबड़ा (AMAN RAJIV CHHABRA) के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।
पूर्व का नाम
अमन छाबड़ा
AMAN CHHABRA
वर्तमान नाम
अमन राजीव छाबड़ा
AMAN RAJIV CHHABRA

**जबलपुर सहकारी विपणन समिति मर्यादित कृषि उपज मंडी जबलपुर**
**पंजीयन क्रमांक -53**
**पंजीकृत डाक द्वारा**

कमांक/2023/आमसभा /995 दिनांक - 11/09 / 2023

साधारण वार्षिक आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जबलपुर सहकारी विपणन समिति मर्या. जबलपुर पंजी. कं. 53 की साधारण वार्षिक आमसभा दिनोंक 27.09.2023 दिन बुधवार को समिति कार्यालय कृषि उपज मंडी जबलपुर में दोपहर 02.30 बजे आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता प्रशासक द्वारा की जावेगी जिसके निम्न विषय है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

**विषय सूची** - 1. गत वर्ष बैठकों की पुष्टि बाबद। 2. वर्ष 2022 2023 के आय व्यय की समीक्षा एवं पुष्टि अनुमोदन बाबद। 3. वर्ष 2023-2024 के अनुमानित प्रस्तावित आय व्यय (बजट) को स्वीकृत करने विचार एवं निर्णय बावद। 4. संस्था के वर्ष 2023-2024 हेतु विभागीय संपरीक्षक नियुक्त करने विचार एवं निर्णय बावद। 5. बर्ष 2022-23 की आडिट टीप की समीक्षा एवं अनुमोदन बावद । 6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

र.नं. 1159
**प्रशासक/प्रबंधक**
**जबलपुर विपणन सहकारी समिति मर्या. जबलपुर पंजी. क्रं. 53**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1623/ अ-6/2023-24
**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अंजुलिका श्रीवास्तव पति स्व. के.के. श्रीवास्तव अर्पिता श्रीवास्तव राय एवं अन्य निवासी-ए-5 सांई विहार कालोनी रेवा कालोनी के पास छापर रामपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ....... के माध्यम से मौजा नयागांव नं.बं. 726 प.ह.नं. 28/32 ख.नं. 26/6, 26/11 प्लाट नं. 3/1 रकवा 800 वर्गफुट विक्रेता म.प. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वयीतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 26/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/09/2023 को जारी।
जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 26/09/2023
र.नं. 1158
**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, RAJESH KUMAR RAJAK पिता श्री शंकर लाल रजक निवासी म.न. 18, झिरिया, वार्ड नं.3. सदर बाजार, जबलपुर का आज दिनांक को शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ एवं जिला जबलपुर का मूल निवासी हूँ ।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता का पुत्र DEEPAK RAJAK आपके विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक की शिक्षा प्राप्त की है।
3. यह कि मेरे पुत्र की अंकसूची में मेरा नाम RAJESH RAJAK दर्ज है।
4. यह कि आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक रिकार्ड व अन्य दस्तावेज में मुझ शपथकर्ता का नाम RAJESH KUMAR RAJAK दर्ज है जो कि सही है।
5. यह कि RAJESH KUMAR RAJAK एवं RAJESH RAJAK यह दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता के नाम हैं तथा मेरा सही एवं वास्तविक नाम RAJESH KUMAR RAJAK है।
6. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र DEEPAK RAJAK को विद्यालय से प्राप्त अंकसूची में मेरा नाम सुधार करते हुये मुझ शपथकर्ता का नाम RAJESH RAJAK के स्थान पर RAJESH KUMAR RAJAK दर्ज कर सुधार किया जाये जिससे कि भविष्य में मेरे पुत्र को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

अतः जानकारी हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
र.नं. 1160
शपथकर्ता
RAJESH KUMAR RAJAK

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24
एम/27 दिनांक 12.09.2023
भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री रमेश कुमार आहूजा पिता स्व. श्री देवनदास आहूजा ने मकान नं. 115 वार्ड- पं. मदन मोहन मालवीय, कुल क्षेत्रफल 685 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 1670 व.फु., भूतल 685 व.फु., प्रथमतल 685 व.फु. काम. द्वितीय तल 300 व.फु. काम. शपथपत्र, रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/
एम/23 दिनांक 11.09.2023
भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री राजेन्द्र कुमार तनेजा पिता स्व. श्री इन्द्रनाथ तनेजा ने मकान नं. 755 का हिस्सा वार्ड- लोकमान्य तिलक, कुल क्षेत्रफल 205 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 205 व.फु., भूतल 205 व.फु. दुकान शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रद्धा चौहान उम्र 42 वर्ष पति श्री हेमन्त चौहान निवासी कटंगी वार्ड नं. 3 तहसील कटंगी जिला बालाघाट म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हू कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम श्रद्धा चौहान पति हेमन्त चौहान दर्ज है जो कि सही है यह कि त्रुटिवश मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम श्रद्धा हेमन्त चौहान दर्ज हो गया है। यह कि श्रद्धा चौहान एवं श्रद्धा हेमन्त चौहान एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ती के है। यह कि अब से मुझे मेरे सही नाम श्रद्धा चौहान के नाम से जाना पहचाना जावें एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम श्रद्धा चौहान दर्ज किया जावे जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है। कटंगी
दिनांक 12/09/2023
**सही नाम - श्रद्धा चौहान पति हेमन्त चौहान**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/
एम/24 दिनांक 12.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनुग्रह नारायण गुप्ता, पिता- उमाशंकर प्रसाद गुप्ता** ने मकान नं. 497/1, **वार्ड-लोक मान्य तिलक,** कुल क्षेत्रफल 4220 व.फु. , निर्मित क्षेत्रफल 2100 व.फु., भूतल 1050 व.फु., प्रथमतल 1050 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/
एम/20 दिनांक 11.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुरेश कुमार सोंधिया, पिता- स्व. श्री गनेश राम सोंधिया, एवं श्री अंकुर सोंधिया, पिता- श्री सुरेश कुमार सोंधिया** ने मकान नं. 238, **वार्ड-पं. मदन मोहन मालवीय,** कुल क्षेत्रफल 425 व.फु. , निर्मित क्षेत्रफल 441 व.फु., भूतल 441 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र, कम्प्यूटर डिमांडानुसार** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/
एम/04 दिनांक 20.06.2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **विजयलक्ष्मी जायसवाल, पुत्री- स्व. श्री श्यामनाथ जायसवाल, एवं शारदा जायसवाल, पिता- स्व. श्री श्यामनाथ जायसवाल** ने मकान नं. 436+119+20, **वार्ड-लोक मान्य तिलक,** कुल क्षेत्रफल 249 व.फु. आर.सी.सी., निर्मित क्षेत्रफल 249 व.फु., भूतल 249 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

# आंगनबाड़ी के पद के लिए महिला बाल विकास अधिकारी को रुपये लेते लोकायुक्त ने दबोचा

**सिहोरा,देशबन्धु।** हर काम के एवज में रुपये लेने की लत किसी भी अधिकारी हो या कर्मचारी , एक दिन दिन उसका बंटाढार कर ही देती है। ऐसे ही मामले पर मझौली में महिला एवं बाल विकास अधिकारी इंद्रकुमार साहू को लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मझौली के महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने यह रिश्वत आंगनवाड़ी सहायिका के पद के चयन और नियुक्ति के बदले डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत की पहली किस्त बीस हजार की रिश्वत लेते ही लोकायुक्त की टीम ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय सिहोरा में महिला एवं बाल विकास अधिकारी मझौली को ट्रैप किया गया है।



# पनागर में विकासखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**पनागर,देशबन्धु।** म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा बि.ख.पनागर में समृद्धि योजना अंतर्गत ग्राम व नगर विकास प्रस्फुटन समितियो की बिकासखंड स्तरीये मासिक बैठक सहप्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत सभाग्रह पनागर में रवि बर्मन संभाग समन्वयक संभाग जबलपुर,प्रदीप तिवारी जिला समन्वयक जिला पंचायत जबलपुर,भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद बि.ख.पनागर की उपस्थिति में आयोजित की गई है जिसमे सभी ग्राम व नगर विकास प्रस्फुटन समितियो,नवांकुर संस्थाओ,मेंटर्स की उपस्थिति रही है।

सर्वप्रथम भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प माला से करते हुऐ विकासखंड की जानकारी सभी अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी गई है संभाग समन्वयक रवि बर्मन के द्वारा बताया कि बि.ख.पनागर के ग्रामों में गठित प्रस्फुटन समितियों के कार्य बहुत अच्छे है बह स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन कर रहे है इन समितियों को माह में दो बार सेक्टर बैठको के माध्यम से क्षमता वृद्धि




प्रशिक्षण दिलाते हुए और जानकारी दी जा सकती है प्रदीप तिवारी जिला समन्वयक के द्वारा सभी समिति सदस्यों को शासन की सभी योजनाओं के प्रचार प्रसार करने के साथ सभी को योजनाओं का लाभ मिल सके की जानकारी देते हुऐ समितियों को स्वच्छक एप प्ले स्टोर्स से डाउनलोड करके ग्राम स्तर पर गतिविधियों की जानकारी एप में अपलोड करने हेतु बताने के साथ सभी प्रस्फुटन समितियों को ग्राम स्तर पर प्रस्फुटन वाटिका, नर्सरी निर्माण,संस्कार केंद्र,जन सूचना केंद्र खोले जाने के साथ ग्राम स्तर पर प्रस्फुटन समितियो के उल्लेखनीय 9 बिंदुओं के कार्यो को करते हुए प्रत्येक सेक्टर पर आदर्श ग्राम चयन करने के साथ ही प्रस्फुटन समितियो,नवांकुर संस्थाओं के कार्यालय संधारण पर सभी समिति सदस्यों को बताया गया है बैठक में नवांकुर संस्था समन्वयक धर्मेंद्र पटेल,नंदकिशोर बर्मन,मेंटर्स श्रीमती पार्वती लोधी,रामकृपाल पटेल, रवि बोहट,सुशील सेन के साथ सभी प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की उपस्थिति रही है।

## सार-समाचार



### बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई

**सिहोरा,देशबन्धु।** राष्ट्रीय कृमि दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में शाला प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी की उपस्थिति में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस मौके पर बच्चों को प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी वा योगेन्द्र मिश्रा ने समझाते हुए कहा कि बच्चों में पेट के कीड़े भोजन के पोषक तत्वों को खा जाते हैं जिससे उनके शारीरिक और मानसिक वृद्धि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। बच्चों की शारीरिक क्षमता प्रभावित होने से उनमें कुपोषण और एनीमिया जैसी बीमारियां भी जन्म ले लेती हैं। इस मौके पर द्वारा इस दवा का वितरण बच्चों को किया गया वा उन्हें क्रमी नाशक टैबलेट के फायदे बताए गए। प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, योगेंद्र मिश्रा,तहमीना अंसारी ने अपने हाथों से एल्बेंडाजोल टेबलेट दी, बच्चों ने खुशी खुशी टैबलेट खाते हुए कहा कि टेबलेट मीठी है।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी ,तहमीना अंसारी,योगेन्द्र मिश्रा उपस्थित थे।

### कल्चुरी महिला मंडल द्वारा जन्माष्टमी पर्व उत्साह से मनाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** कल्चुरी महिला मंडल द्वारा जन्माष्टमी पर्व उत्साह से मनाया गया। जहां सभी ने भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया। होटल दरबार में हुए आयोजन में महिला मंडल की सभी सदस्य कृष्ण भक्ति के रंग में रंगी नज़र आईं। आयोजन की थीम भारतीय परिधानों पर आधारित रही। दौरान महिला मंडल के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल स्पर्धाओं का अयोजन किया गया ।सामाजिक स्तर पर सभी सदस्यों द्वारा इस अयोजन की खूब सराहना की गई। समाज की अन्य महिला सदस्यों ने इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी ने एक मत से कहा कि इस तरह के होते रहना चाहिए। ऐसे अयोजन समाज को एक दूसरे से जोड़ने में मददगार होते हैं ।इस आयोजन में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन समिति से रंजना जायसवाल,कल्पना महाजन,सुषमा जायसवाल, आरती जायसवाल,रीना जायसवाल,पूजा जायसवाल, सुषमा शिवहरे, सुधा जायसवाल शामिल हुए साथ ही महिला मंडल के सदस्यों में रेखा चौकसे ,राज लक्ष्मी शिवहरे,प्रमिला राय, उमा भारती जायसवाल, ज्योति जायसवाल, ऊषा राय,विनीता जायसवाल, उपमा राय, रश्मि राय , किरन राय, रंजना राय,अंशु चौकसे, राजी अनिता राय, मेघना महाजन ,वैशाली महाजन ,शुचि गुप्ता आदि ने सम्मलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### गुरु वह है जो शिष्यों को बुलंदी तक ले जाता है दीपक जोशी

**कुंडम।** शिक्षक दिवस पर विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा 39 वे वर्ष में राष्ट्रीय स्तर का शिक्षक सम्मान समारोह साईं कृष्णा रिसोर्ट पर किया गया। समारोह में देश प्रदेश से आए हुए 31 चुनिंदा




शिक्षकों का उनकी विलक्षण प्रतिभा और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर किया गया समिति का छठवीं पायदान का ज्ञान आचार्य सम्मान विनोद कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला समनापुर तहसील कुंडम जिला जबलपुर को उनकी आदिवासी पिछड़ी जनजाति को मुख्य धारा में लाने का प्रयास करने तथा नशा मुक्ति कराने के योगदान पर प्रदान किया गया है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश शासन की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कांग्रेस नेता दीपक जोशी अध्यक्षता रमेश के साहू और अन्य सदस्यों के द्वारा दीप प्राजूलन से की गई कुंडम तहसील के समस्त नगर वासियों एवं कर्मचारियों के द्वारा श्री साहू को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

# बुधवारी बाजार से पाटन नगर में लगता है जाम

## पुलिस एवं निकाय प्रशासन मौन

पाटन देशबन्धु। पाटन में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन पुलिस एवं निकाय की उदासीनता के चलते बुधवार को लगने वाले बाजार में फौहारे से लेकर आदर्श मेडिकल स्टोर्स तक जाम लगता है। दिन भर सब्जी वालों की दुकानों के सामने भीड़ उमड़ी रहती है और यह सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक बदस्तूर यूं ही जारी रहता है और आलम यह रहता है की वाहन तो छोड़िए यहां तो पैदल चलना मुस्किल रहता है। राहगीरों ने बताया की पाटन का बाजार बुधवार को लगता है और सड़क पर फल सब्जी के ठेले एवं अन्य व्यापारियों का जमावड़ा रहता है और खरीददार अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते है जिसकी वजह से मोटर साइकिल और फोर व्हीलर वाहनों की लंबी लंबी कतार लग जाती है। और पैदल चलने वाले राहगीर परेशान होते रहते है।

ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में लगने वाली भीड़ के कारण 108 एंबुलेंस भी जाम में फस जाती है कई बार तो एंबुलेंस को भीड़ से निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।



# लंपी वायरस की चपेट में पशु, विभाग ने जानकारी और बचाव बताये

**सिहोरा,देशबन्धु।** लंपी वायरस से सिहोरा तहसील में अब तक दो पशुओं की मौत हो गई है वहीं सिहोरा खितौला नगर के सभी 18 वार्डो के सभी पालतू मवेशियों के टीकाकरण किये जा चुके हैं ऐसे में यदि किसी पशु मालिक के पशुओं को टीकाकरण नही किया गया तो वह भी संपर्क करके टीकाकरण करा लें जिससे गाय बैल आदि जानवरो में लंपी वायरस को फैलने से और नुकसान होने से बचाया जा सके। अभी तक संपूर्ण विकासखंड में 6300 पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है।

इस बीमारी से बचाने के लिए पशु मालिको को जागरूक होकर अपने पशुओं को बांध कर रखने की जरूरत है। साथ अनिवार्य रूप से छूट गए पशुओं का टीकाकरण जरूरी है । यही इसकी रोकथाम और बचाव के उपाय हैं। जबकि पशु चिकित्सा विभाग सिहोरा लगातार लंपी वायरस को रोकने और उपचार करने के लिए पिछले सप्ताह से ही लंपी वायरस से ग्रसित पशुओं को आइसोलेशन अभियान चलाकर कांजीहाउस सिहोरा एवं ग्राम बंधा की गौ शाला में किया गया था। जिससे दूसरे अन्य पशुओं तक यह बीमारी न फैले।

**लंपी वायरस से रोकथाम और बचाव**

इस बीमारी से बचाने के लिए पशु मालिको को जागरूक होकर अपने पशुओं को बांध कर रखने की जरूरत है। साथ अनिवार्य रूप से छूट गए पशुओं का टीकाकरण जरूरी है । यही इसकी रोकथाम और बचाव के उपाय हैं। साथ यदि कोई गाय बैल या अन्य मवेशी को इसके लक्षण समझ आते हैं तो उसे दूसरे जानवरो के संपर्क से अलग कर बांध कर रखें खुला न छोड़ें। और टीकारण अवश्य करा लेंवे।

इनका कहना है-लम्पी वायरस की रोकथाम के लिए लगातार वैक्सीनेशन कराया जा रहा है और पशुओं को इलाज के लिए हमारे कर्मचारियों द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है।

**डॉ नीता मनोचा,विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी**




# नेशनल हाइवे से अगरिया पहुँच मार्ग को खनिज भारयुक्त वाहनों को रोकने का निर्णय


**गोसलपुर,देशबन्धु।** क्षेत्र में चल रहे खनिज भार युक्त वाहनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से अगरिया पहुंच मार्ग को दलदल व गड्ढों में तब्दील करके रख दिया है इस संबंध में ग्रामीण जनों द्वारा अनेक बार शासन प्रशासन को अवगत कराकर कार्रवाई करने की मांग की किंतु उनकी बात को अनसुनी कर दिए जाने के कारण क्षेत्रीय जन आक्रोश में हैं दिनाँक 16/09/2023 से अनिश्चित कालीन तक नेशनल हाइवे से अगरिया पहुँच मार्ग को खनिज से संबंधित वाहनों को रोकने के सम्बन्ध में विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंचों, जनपद सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवइयां ने अनुभागीय अधिकारी सिहोरा को ज्ञापन सोपा है।

लिखित ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि एन एच-30 से अगरिया पहुँच मार्ग में क्षमता से अधिक ओवर लोड वाहनों की आवाजाही से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पूरी तरह से गड्डो में तब्दील हो जाने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा है जिसकी चर्चा व लिखित पत्रों के माध्यम से विगत 3 महीने से सक्षम अधिकारियों को अवगत



कराया गया लेकिन शासन प्रशासन की तरफ से उक्त संबंद्ध में किसी भी प्रकार की सुध नहीं ली गयी। वर्तमान में अब आलम यह है कि रोड में राहगीरों का चलना दूभर हो गया है रोज दुर्घटनाये हो रही है. खनिज से ओवरलोड हाइवा भी पलट रहे है लगता है शासन प्रशासन कोई बड़ी अनहोनी के इंतजार में है। अत: अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा से एक बार फिर आग्रह है कि तत्काल कोई व्यवस्था नहीं कि जाती तो क्षेत्रीय जन खनिज युक्त ओवरलोड वाहनों को आगामी दिनांक 16/09/2023 से अनिश्चित कालीन के लिए संबंधित वाहनों को रोकने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी। उपरोक्त संबंध में सूचना से अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिहोरा एवम थाना प्रभारी गोसलपुर को भी अवगत करा दिया गया है ज्ञापन सौंपने वालों में शांति रामराज सरपंच ग्राम पंचायत बेला, संजय सिंह राजपूत सरपंच ग्राम पंचा0 टिकारया पुरानी , दिलीप पटेल जनपद सदस्य , विनीता सुशील ठाकुर जनपद सदस्य, सुशीला दाहिया ग्राम पंचा पौड़ी कला ए सरपंच ) ,शिवप्रसाद विरहा ग्राम पंचा0 सिलुआ सरपंच, मूरत सिंह माना, हीरालाल राय,प्रीतम पटेल उपसरपंच टिकरिया पुरानी,शंकर लाल पटेल, रामराज पटेल समाज सेवी ने शासन प्रशासन से शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम मे नए भवन का भूमिपूजन



**कुंडम,देशबन्धु।** कुण्डम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम मे नए भवन का भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत पचास लाख रुपए है, एवम स्वास्थ्य क्रेन्द्र चौरई का भूमिपूजन किया गया जिसकी लागत तीन करोड़ छह लाख रुपए है, मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना वर्ष 2022के तेंदू पत्ता संग्रहको को सामग्री साड़ी, जूता, चप्पल, बोटल का 1500हितग्राहीओ को वितरण विधायक सिहोरा श्रीमति नंदनी मरावी जी द्वारा किया गया, इस अवसर पर संतोष बरकड़े अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर,सुरेन्द्र सिंह ठाकुर जनपद पंचायत उपाध्यक्षकुंडम,कमलेश साहू, सतीश चन्द्र अवस्थी, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र बरकड़े,राजकुमार साहू, अशोक जैन, झुन्नी लाल झा रिया, बिहारी सिंह भावेदी, सीता मरावी, चम्पा कुलस्ते, शिवांसु जयसवाल, आनन्द साहू, शिवम साहू, राजा यादव, आशीष बर्मन,धन्नू सिंह कुशराम, सुरविन्द यादव, ऑमसिंग कुशराम, जगेंद्र मरावी, श्याम बिहारी बरकड़े, चन्द्रभान परस्ते, येसपाल परस्ते, गणपत उइके, सतवंसी बाई सरपंच, चैन सिंह बरकड़े, रघुवीर सिंह मरावी एस डी एम कुंडम, महेश चंद्र कुशवाह रेंजर, भाजपा मंडल के पदाधिकारी गण व ग्रामवासियो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ,

# घर से सिलाई करने निकले युवक की दो दिन बाद मिली बीहर नदी में लाश

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

**रीवा देशबन्धु।** घर से दो दिन पूर्व सिलाई की दुकान जाने के लिये निकले युवक की आज बीहर नदी विक्रम पुल के पास लाश मिली। युवक शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत नगरिया मोहल्ले में रहता था पुलिस का कहना है कि दो दिन पूर्व युवक घर से सिलाई करने निकला था। जब वापस नही लौटा तो कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। तभी तीसरे दिन बड़ी पुल के पास टापू के टीले एक लाश फंसी दिखी। तुरंत स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल को देखा। इसके बाद होमगार्ड के गोताखोर व एसडीईआरएफ के जवान बुलाए। स्टीमर बोट की मदद से जवान नदी के अंदर गए। काफी मशक्कत के बाद 500 फीट के रस्से की व्यवस्था की। तब कहीं जाकर लाश को बाहर लाया गया है।



सिटी कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर विजय सिंह बघेल ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह 10 बजे सुनील चौधरी पुत्र मुन्नालाल चौधरी 25 वर्ष बदरिया स्थित घर से बाहर सिलाई के लिए निकला था। पर शाम को घर नहीं लौटा। रातभर तलाश के बाद परिजन 11 सितंबर की दोपहर थाने पहुंचे। उन्होंने गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई। इधर 12 सितंबर की सुबह 9 बजे विक्रमपुल के पास नदी में एक लाश तैरती देख सनसनी फैल गई। लाश मिलने की जानकारी पर घर के लोग आए। उन्होंने पुलिस को खबर दी।

मृतक के भाई अमित चौधरी ने बताया कि सोमवार की शाम निपनिया पुल में कुछ लोगों ने सुनील को कई लोगों ने देखा था। मौत की जांच पुलिस सही तरीके से करे। जिससे हत्या या हादसे का पता चल सके।

सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की दोपहर 1 बजे लाश को बीहर नदी से बाहर निकाला है। पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजवाया गया है। वहां मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

## सेना की चिंता का कारण बने राजौरी व पुंछ जिले

**जम्मू,देशबन्धु।** जैसे-जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कइयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है। जानकारी के लिए, सर्दियों की शुरूयात के साथ ही आतंकी अक्सर ऐसे शरणस्थलों पर कब्जा जमा लेते रहे हैं जिस कारण सेना व अन्य सुरक्षाबलों को कई बार इन दोनों जिलों में भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था।

# नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत

- 44 लोग अभी हैं लापता
- 100 से अधिक थे सवार



**अबुजा** (एजेंसियां)। नाइजीरिया में मध्य नाइजर प्रांत के मोकवा क्षेत्र में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गयी जबकि लगभग 44 लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे मोकवा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गबाजीबो वार्ड में जब्बा और कैंजी बांधों के बीच हुई। नाइजर प्रांत की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनएसईएमए) के प्रवक्ता इब्राहिम हुसैनी ने बताया कि नाव पर 100 से अधिक लोग सवार थे जो नाइजर नदी (पुरानी गबाजिबो) के दूसरी ओर अपने खेतों की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि एजेंसी घटना स्थल पर खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मोकवा स्थानीय सरकारी अधिकारियों और स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पाकिस्तान में बस पलटने से छह लोगों की मौत, 57 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में रविवार को एक बस के पलट जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना शेखूपुरा जिले में एक मोटरवे इंटरचेंज के पास हुई। बस तेज गति और ओवरलोडिंग के कारण पलट गई थी। पुलिस और बचावकर्मी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। बचाव सेवा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल 37 लोगों को बाद में इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बस में ईसाई तीर्थयात्री सवार थे जो एक धार्मिक सभा में शामिल होने जा रहे थे।

## ब्राजील में उष्णकटिबंधीय चक्रवात से 44 लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील में पिछले हफ्ते आए एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात के बाद कुल 44 लोगों की मौत हो गयी और 46 अन्य लापता हो गए। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। चक्रवात के कारण अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के लगभग 60 शहरों और पड़ोसी राज्य सांता कैटरीना के कुछ क्षेत्रों में सोमवार से मूसलाधार बारिश, बाढ़, 110 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की हवाएं चली और भूस्खलन शुरू हो गया। एजेंसी ने कहा कि एक को छोड़कर सभी मौतें रियो ग्रांडे डो सुल में हुईं, जहां 224 लोग घायल हो गए और 14,000 से अधिक लोगों को निकाला गया। सबसे बुरी तरह प्रभावित शहर म्यूकम है जहां 16 लोगों की मौत हुई और रोका सेल्स में 10 लोगों की मौत हुई। ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन ने शुक्रवार को चक्रवात से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को लगभग 160 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने की सरकार की योजना की घोषणा करने के बाद रविवार को इस क्षेत्र का दौरा किया।

## मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हुई

**रबात,** । मोरक्को में शुक्रवार की रात आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हो गयी है, जबकि 2476 अन्य घायल हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से हेसप्रेस समाचारपत्र ने यह जानकारी दी। इससे की पहले रिपोर्ट में मरने वालों की संख्या 2122 और घायलों की संख्या 2421 बताई गई थी। इसको लेकर मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर बैठक बुलाई और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर,



ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इज़राइल, फ्रांस, जापान और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

## मोरक्को में भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू में जुटे

**अमीजमिज ( मोरक्को )।** मोरक्को में 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद बचावकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए हैं। शुक्रवार रात शहर मराकेश में आए तेज भूकंप से 2,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को बचावकर्मियों को एटलस माउंटेन क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि वहां तक जाने वाली सड़कें गिरे हुए पत्थरों के कारण अवरुद्ध हो गई थीं। स्थानीय निवासियों को आश्रय देने के लिए अस्थायी तंबू लगाए गए।

## आज का इतिहास

1914–प्रथम विश्व युद्ध- जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।

1923–स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की।

1946–परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर रामास्वामी परमेस्वरन का जन्म।

1947–प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।

1948–उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।

1969–ऑस्ट्रेलिया के ख्याति प्राप्त क्रिकेट खिलाड़ी शेन वॉर्न का जन्म।

1978–भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ भारती पवार का जन्म।

## सुडोकू 6315

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### मुंबई में डिवाइडर से कार टकराई, दो युवकों की मौत

**मुंबई।** सायन इलाके के पास सोमवार सुबह एक कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इस दुखद दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस और बीएमसी के आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई। सीएनजी गैस से चलने वाली कार हुंडई आई 20 जब सायन से दादर की ओर तेज रफ्तार से जा रही, उसी समय डॉ.बी.आर. अंबेडकर रोड पर वह एक डिवाइडर से टकरा गई।

### नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद शहर पुलिस ने दो नशीले पदार्थ तस्करों और एक उपभोक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इंदिरा रेड्डी नगर में आउटर रिंग रोड (ओआरआर) सर्विस रोड पर अभियान छेड़ा था। इसी दौरान हैदराबाद से नशीला पदार्थ ले जा रहे लोगों को रोका गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। उनके वाहनों की तलाशी में करीब 51.45 ग्राम कोकीन क्यूब्स, 44 एमडीएमए एक्स्टसी गोलियां, आठ ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 97,500 की नकदी, पांच मोबाइल फोन और कई अन्य सामान जब्त किए। इन नशीले पदार्थों को गोवा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

## बांग्लादेश, फ्रांस ने दो समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**ढाका।** बांग्लादेश और फ्रांस ने बुनियादी ढांचे और उपग्रह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बंगलादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार ढाका में बंगलादेशी प्रधान मंत्री शेख हसीना और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ की उपस्थिति में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में बंगलादेश के आर्थिक संबंध प्रभाग और फ्रांस विकास एजेंसी के बीच शहरी प्रशासन तथा बुनियादी ढांचे कार्यक्रम में सुधार पर एक क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा बंगबंधु-2 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट सिस्टम से संबंधित बंगलादेश सैटेलाइट कंपनी लिमिटेड और फ्रांस के एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसएएस के बीच सहयोग के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, सुश्री हसीना और श्री मैक्रॉ ने दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने के लिए बातचीत की। बंगलादेश का दौरा करने वाले पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद भारत से रविवार शाम ढाका पहुंचे।

## मालदीव के राष्ट्रपति-चुनाव के पर्यवेक्षण के लिए भारत का तीन सदस्यीय दल माले में


- निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं नेतृत्व

**नई दिल्ली।** मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पर निगरानी के लिए विदेशी पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के निर्वाचन आयोग का तीन सदस्यों का एक दल माले गया हुआ है। इसका नेतृत्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं। यह दल मालदीव के निर्वाचन आयोग के न्योते पर वहां गया है। मालदीव में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे करती है। भारत के निर्वाचन आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दल ने माले और उसके आसपास 22 मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने वहां मतदाताओं की पहचान, रजिस्ट्रेशन और मतदान प्रक्रिया और मतदाता बूथ की व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली है। इस तीन सदस्यीय पर्यवेक्षक दल में उप आयुक्त अजय भादू और आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद शर्मा भी शामिल हैं। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को पहले चरण का मतदान कराया गया । चुनाव में आठ उम्मीदवार है। अंतिम चरण का



मतदान 30 सितंबर जो होगा जिसमें पहले चरण में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले शीर्षस्थ दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। अंतिमत दौर का विजेता पांच वर्षों के लिए राष्ट्रपति का पद संभालेगा। वहां के कानून के तहत विजेता को पचास प्रतिशत से ज्यादा मत मिलने चाहिए। मालदीव के चुनाव के पर्यवेक्षण कार्यक्रम में भारत के अलावा अन्य देशों और संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। पहले चरण के मतदान में मतों की गिनती नौ सितंबर को ही की गयी जिसमें किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिला। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए योग्य मतदाताओं की संख्या 2,82,395 (पुरुष मतदाता 1,44,199 और महिला 1,38,196) है। इसके लिए 574 मतदान केंद्र (मतपेटियां) रखे गए हैं और एक मतपेटी के लिए पंजीकृत मतदाताओं की अधिकतम संख्या 850 है।

## वर्ग पहेली 6315



**बायें से दायें:-**

१. विष्णु की माला, झंडा, चिह्न, विजय माल
३. पारा
५. रचना बनाना, उत्पादन
६. सूर्य पुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९. सहायता (उर्दू)
१०. झुका हुआ, मिटा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचन शक्ति (उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा समर के साठ हजार पुत्रों का शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार को दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. मंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ, जकड़ा या बंद किया हुआ
३. युद्ध भूमि में होनेवाली आवाज़
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन, सुख स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन (उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बर्बाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा (उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला मेघ
१५. अज्ञानता (उर्दू)
१७. भैस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

## दुनिया को जानें

### जापान में भालू के हमले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

**टोक्यो,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस साल अप्रैल से जुलाई तक पूरे जापान में रिकॉर्ड संख्या में भालू के हमले हुए। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने जापान के पर्यावरण मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि देशभर में चोटों के 53 मामले दर्ज किए गए, जिनमें इवाते प्रीफेक्चर में 15, अकिता प्रीफेक्चर में नौ और फुकुशिमा प्रीफेक्चर में सात मामले शामिल हैं, जो वित्तीय वर्ष 2007 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। इसमें कहा गया है कि मई में होक्काइडो के होरोकनाई टाउन में भालू के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस शरद ऋतु में भोजन की तलाश में तोहोकू क्षेत्र के आवासीय इलाकों में अधिक भालू दिखाई देने की संभावना है, क्योंकि भालू के आहार में शामिल बलूत के फल इस क्षेत्र में उनके प्राकृतिक आवास में दुर्लभ हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और दूर से भालू का सामना होने पर चुपचाप चले जाने का आह्वान किया, साथ ही लोगों को सलाह दी कि जब वे धीरे-धीरे दूर जा रहे हों तो भालू को देखते रहें और जब पास में भालू दिखे तो भागें नहीं।

## सोमालिया में सेना की कार्रवाई में 20 से आतंकवादी ढेर

**मोगादिशू।** पूर्वी अफ्रीकी देश सोमालिया के अवधीगल जिले में सोमाली राष्ट्रीय सैन्य बल गोर्गोर की कार्रवाई में 20 से अधिक अल-शबाब आतंकवादी मारे गये। सूचना, संस्कृति और पर्यटन के उपमंत्री अब्दिरहमान यूसुफ अल-अदला ने राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया कि रविवार तड़के सैनिकों ने सैन्य अड्डे पर अल-शबाब आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे एसएनए बलों ने अल-शबाब आतंकवादियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की, जिन्होंने रविवार सुबह लोअर शबेले क्षेत्र में अवधीगले जिले में एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का प्रयास किया। 20 से अधिक आतंकवादी मारे गए और उनके पास से हथियार भी बरामद किए।



अधिकारी की ओर से सैनिकों के हताहत की कोई पुष्टि नहीं की गयी है लेकिन अल-शबाब आतंकवादियों ने नवीनतम हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनके लड़ाकों के साथ मुठभेड़ में कमांडरों सहित 59 सैनिक मारे गये।

## नाइजर में घाना सेनेगल की सेनाएं सतर्क

**अक्कारा।** दक्षिण अफ्रीकी देश घाना और सेनेगल के सैन्य बल पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) मिशन के तत्वावधान में नाइजर में हालिया तख्तापलट के बाद देश में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए संभावित हस्तक्षेप करने के वास्ते सतर्क हैं। वैसे, यह स्पष्ट नहीं है कि घाना के पास अपनी आर्थिक अस्थिरता के कारण हस्तक्षेप को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होंगे या नहीं। जुलाई में, नाइजर सैन्य बलों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की सरकार को उखाड़ फेकनें और होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की घोषणा की। तख्तापलट के बाद, इकोवास ने नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा बजौम को बहाल नहीं करने पर हस्तक्षेप की धमकी दी।

## अफगानी सुरक्षा बलों ने हथियार , गोला बारुद बरामद किए

काबुल। अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने पूर्वी प्रांत वरदक में हथियार और गोला बारुद बरामद किए है। प्रांतीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलरेज़ और डेमिरदाद जिलों से तीन एकेएम, एक मशीनगन, तीन एसकेएस और विभिन्न प्रकार के युद्ध सामग्री बरामद किये गये हैं। अफगान पुलिस ने पहले पिछले साल काबुल में 21 कलाश्निकोव, 83 पिस्तौल और गोला-बारूद की बरामदगी और जब्ती का दावा किया था।

## आयोजन

### टोक्यो में दिसंबर में आयोजित होगा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन

# जापान-आसियान सहयोग की नई दृष्टि घोषित होगी : किशिदा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा है कि टोक्यो में दिसंबर में आयोजित होने वाले द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में जापान और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच सहयोग का एक नया दृष्टिकोण रखा जाएगा, जिसे सदस्य देशों की दोस्ती की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर तैयार किया गया है। श्री किशिदा ने कहा, मैं टोक्यो में आसियान-जापान मित्रता और सहयोग के 50वें वर्ष के लिए आसियान-जापान स्मारक शिखर बैठक दिसंबर में आयोजित करने की योजना बना रहा हूं।



स्मारक शिखर बैठक दिसंबर में आयोजित करने की योजना बना रहा हूं। स्मारक शिखर बैठक में आसियान-जापान सहयोग की एक नई दृष्टि की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि आसियान एक राजनीतिक और आर्थिक संघ है, जिसकी स्थापना 1967 में हुई थी। इस संगठन में दक्षिण- पूर्व एशिया के 10 देश हैं,जिसमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल है। संघ अपने सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देता है। जापान और आसियान 1973 से एक साथ काम कर रहे हैं। इस समय जापान और आसियान ने सिंथेटिक रबर पर एक मंच की स्थापना की थी। साल 1978 में पहला आसियान-जापान शिखर सम्मेलन मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया गया था और बाद में यह एक नियमित कार्यक्रम बन गया।

## 'जी20 घोषणा पत्र ने चीन का पक्ष प्रतिबिंबित किया'

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को नियमित प्रेस वार्ता में नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की उपलब्धियों की चर्चा में कहा कि इस शिखर सम्मेलन में जारी घोषणा पत्र ने चीन का पक्ष प्रतिबिंबित किया है। उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी प्रधान मंत्री ली छ्यांग ने जी20 सहयोग पर चीन के विचार और पक्ष पर प्रकाश डाला और विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर सहयोग करने की प्रारंभिक आकांक्षा का पालन कर शांति व विकास की युंगातर जिम्मेदारी उठाते हुए वैश्विक आर्थिक बहाली, खुलेपन, सहयोग और निरंतर विकास बढ़ाने की वकालत की। इस शिखर सम्मेलन में जारी घोषणा पत्र ने चीन के पक्ष दर्शाये हैं। घोषणा पत्र में विश्व को जी20 द्वारा मिलकर वैश्विक चुनौतियों का निपटारा कर वैश्विक आर्थिक बहाली व वैश्विक विकास बढ़ाने का सकारात्मक संकेत भेजा गया है।

## वर्ग पहेली-6314

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | झ | ■ | प्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## रोहित ने वनडे करियर में पूरे किये दस हजार रन



**कोलंबो**। एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को एकदिवसीय मैच के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित ने वनडे करियर में 10000 रन पूरा कर लिए और यह कारनामा करने वाले वह देश के छठे और दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गये हैं। रोहित ने वनडे की 241वीं पारी में 10 हजार रन पूरे किये। वनडे में सबसे तेज 10000 रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है जिन्होने 205 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। विराट और रोहित के अलावा मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़ और एमएस धोनी ने अपने एक दिवसीय करियर में दस हजार से अधिक रन बनाये हैं। सचिन तेंदुलकर ने 259, सौरव गांगुली ने 263 और एम एस धोनी ने 273 पारियों में दस हजार रन पूरे किये थे आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 266, दक्षिण अफ्रीका जैक कैलिस और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने 278 पारी खेल कर 10 हजार रन बनाए थे।

# ऐक्शन में बदलाव से आई गेंदबाजी में धार : कुलदीप



**कोलंबो**। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में भारत की जीत में अहम योगदान देने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि गेंदबाज़ी ऐक्शन में तकनीकी बदलाव और आक्रामक लय ने उनकी गेंदबाजी में सुधार किया है। बाएं हाथ का यह कलाईयों का स्पिनर इस साल भारत के लिए सबसे अधिक 27 वनडे विकेट ले चुका है। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हुए एशिया कप के सुपर-4 मैच में कुलदीप ने पांच विकेट चटकाये थे।

कुलदीप ने कहा, मेरी सर्जरी को हुए 1.5 साल हो गए हैं। अब मेरा रन-अप सीधा हो गया है और मैं गेंदबाज़ी लय में अधिक आक्रामक नज़र आता हूं। पहले गेंद फेंकते वक्त मेरा दाहिना हाथ गिर जाता था, लेकिन अब नियंत्रण में और बल्लेबाज़ के सामने रहता है। इसके बावजूद मैं अपनी स्पिन और ड्रिफ़्ट नहीं खोता हूं और मेरी गति भी अब बढ़ी है। इन सब चीज़ों के एक साथ होने से मुझे काफ़ी मदद मिली है। अगर कोई लेग स्पिनर गुड लेंथ पर गेंदबाज़ी करता है तो उसके विकेट लेने के मौक़े बढ़ जाते हैं। अगर आप लेग स्पिनर हैं तो आप कुछ ख़राब गेंद भी फेकेंगे, लेकिन इससे आपको विकेट मिलने का भी मौक़ा बढ़ता रहेगा।

कुलदीप ने भारत के पाकिस्तान के खिलाफ 228 रन के रिकॉर्ड जीत में 25 रन देकर 5 विकेट लिए और पाकिस्तानी टीम को सिर्फ़ 128 पर ऑलआउट कर दिया। मैच के बाद कुलदीप ने कहा कि ऐक्शन में बदलाव के बावजूद भी वह अपना फ़्लाइट और ड्रिफ़्ट नहीं खोना चाहते हैं और लेग ब्रेक व गुगली को मिक्स कर बल्लेबाज़ों को परेशान करना चाहते हैं। उन्होने कहा, सर्जरी के बाद मैं लगभग पांच महीने तक क्रिकेट से दूर रहा। उस समय बहुत लोगों ने मुझे बहुतेरे सलाह दिए, लेकिन मैं एक चीज़ पर कायम था कि मुझे अपना ड्रिफ़्ट नहीं खोना है। तीन महीने के रिहैब के बाद एनसीए में मेरे फ़िज़ियो आशीष कौशिक ने ऐक्शन में बदलाव की सलाह दी और कहा कि इससे मेरे घुटनों का भार कम होगा। मैंने फिर अपने ऐक्शन पर काम किया और अपनी गेंदबाज़ी लय को और तेज़ बनाया। इसके बाद मैंने कानपुर में अभ्यास मैच खेले और देखा कि बल्लेबाज़ों को इससे परेशानी हो रही है। फिर मैं भारतीय टीम में लौटा लेकिन वेस्टइंडीज़ के दौरे पर अपना लय नहीं प्राप्त कर पाया। आईपीएल में भी मुझे मेरा लय नहीं मिल रहा था। कुल मिलाकर नए ऐक्शन में लय पाने में मुझे छह से सात महीने लग गए।

पांच विकेट के बाद कुलदीप ने कहा, जब मैं संन्यास लूंगा, तब मैं याद करूंगा कि मैंने पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट लिया था। यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि वे स्पिन को अच्छा खेलते हैं। अगर आप किसी ऐसे टीम के ख़िलाफ़ अच्छा करते हैं, जो उपमहाद्वीप में स्पिन अच्छा खेलती है, तो उससे आपको प्रेरणा मिलती है।'

## श्रीलंका के खिलाफ मैच में भी बाहर रहे अय्यर



**कोलंबो**। पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को श्रीलंका के खिलाफ भी एशिया कप मैच से बाहर रखा गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर कहा, श्रेयस अय्यर बेहतर महसूस कर रहे हैं लेकिन अभी भी पीठ की दर्द से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने आराम की सलाह दी है और वह आज श्रीलंका के खिलाफ भारत का सुपर 4 मैच से बाहर रहेंगे। एशिया कप सुपर फोर चरण में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अय्यर को पीठ में दर्द की समस्या हुई थी। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस के समय उनकी गैरमौजूदगी की पुष्टि करते हुये कहा था कि श्रेयस अय्यर पीठ दर्द की समस्या से परेशान हैं, इसलिए केएल राहुल उनकी जगह खेलेंगे। अय्यर की जगह पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले केएल राहुल ने सोमवार को अपने करियर का छठा शतक बनाया थ। विराट कोहली और केएल राहुल के बीच अविजित दोहरी शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने सोमवार को अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 228 रन से जीत दर्ज की थी।

# विराट के साथ खेलने से सहज महसूस करता हूं : राहुल



**कोलंबो**। करीब छह महीने के अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में शतकीय पारी के साथ वापसी करने वाले केएल राहुल ने कहा कि क्रीज पर मौजूद महान बल्लेबाज विराट कोहली की हौसलाफजाई से उनके आत्मविश्वास में इजाफा हुआ और वह पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में अहम योगदान दे सके।

स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष बातचीत में केएल राहुल ने विराट को महान बल्लेबाज बताते हुये कहा उन्होंने 13 हजार रन बनाए हैं। मैं उस आदमी के बारे में कुछ नहीं कह सकता, वह बिल्कुल अद्भुत है। यह बताने के लिए शब्द कम हैं कि वह कितना महान क्रिकेटर है। मैंने हमेशा मध्यक्रम में उनके साथ खेलने में सहज महसूस किया है। ऐसा नहीं है कि वह केवल अपने लिए ही कड़ी मेहनत करता है, वह अपने साथी की दौड़ में भी बहुत मेहनत करता है। हमारे बीच अच्छा तालमेल है।

उन्होने कहा मैच के दौरान उन्होंने मुझे कुछ समय दिया। मैंने कहा था कि मुझे त्वरित सिंगल्स हासिल करने के लिए कुछ समय चाहिए क्योंकि मुझे अपने शरीर में आरामदायक और आत्मविश्वास महसूस करने की ज़रूरत है, और वह इसे समझते थे। उसके बाद हमने लय हासिल कर ली। वह वही कर रहे थे जो वह सबसे अच्छा करते हैं और इससे मुझे खेल में उतरने का कुछ समय मिल गया और मैंने अपने शॉट्स खेलना शुरू कर दिया। हम बस खुद को याद दिला रहे थे कि हमें उचित क्रिकेट शॉट्स खेलने होंगे और अपनी ताकत के अनुसार खेलना होगा। भारत ने सोमवार को एशिया कप सुपर फोर चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। करीब छह महीने के लंबे अंतराल के बाद एक दिवसीय क्रिकेट में वापसी कर रहे केएल राहुल ने इस अहम मुकाबले में 111 रनो की नाबाद पारी खेली। उन्होने कहा, जाहिर तौर पर, लंबे समय के बाद यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। इसलिए जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा तो मुझे शुरुआती घबराहट थी। मुझे खुद को शांत करने और अपने पैरों को हिलाने, अपना दिमाग ठीक करने में 10-15 गेंदें लगीं। फिर, मैंने एक या दो चौके लगाए, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। लेकिन जैसे ही मैंने अपनी लय हासिल की, बारिश शुरू हो गई। दुर्भाग्य से, बारिश शुरू हो गई और मुझे पूरे दिन इंतजार करना पड़ा। उन्होने कहा दूसरे दिन हमे पारी शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। फिर से, पहली 10-15 गेंदें थोड़ी घबराहट वाली थीं, और उसके बाद, एक बार जब आप खेलना शुरू करते हैं, एक बार जब आप बीच में कुछ गेंदों को मारना शुरू करते हैं, तो आप उन चीजों के बारे में भूल जाते हैं, और फिर आप यह सोचना शुरू कर देते हैं कि आप कहां रन बना सकते हैं और मुझे क्या करना है। मुझे ऐसा ही लगा, और जब आप लगातार समय तक खेलते हैं तो ऐसा अक्सर नहीं होता है।

## इस साल बेंगलुरू भी करेगा सुब्रतो कप की मेजबानी

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर के बीच दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु में भी खेला जायेगा। एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम एंव सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) के वाइस चेयरमैन ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है। यह पहली बार होगा, राष्ट्रीय टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर खेला जाएगा। जहां अंडर-17 जूनियर लड़कों और लड़कियों के टूर्नामेंट दिल्ली/एनसीआर में आयोजित किए जाएंगे, वहीं अंडर-14 सब-जूनियर लड़कों की प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। प्रसार भारती और एआईएफएफ यूट्यूब चैनलों पर भी हाइलाइट्स देखी जा सकती है। उन्होने बताया कि अंबेडकर स्टेडियम के अलावा, तेजस फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली), सुब्रतो फुटबॉल ग्राउंड (दिल्ली) और जी.डी.गोयनका स्कूल (गुरुग्राम) मैदान दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में आयोजन स्थल होंगे। बेंगलुरु में मैच एएससी सेंटर एयर फ़ोर्स स्कूल, जलाहल्ली और एयर फ़ोर्स स्कूल, येहलंका में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से तीन टूर्नामेंटों में कुल 109 टीमें भाग लेंगी। बांग्लादेश और नेपाल की टीमें भी विदेशी भागीदारी लेकर आएंगी। कुल 180 से अधिक फुटबॉल मैच खेले जाने हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ भारत ने बनाये 213 रन



**कोलंबो**। दुनिथ वेल्लालगे (40 रन पर पांच विकेट) और चरिथ असलंका (18 रन पर चार विकेट) की घातक फिरकी गेंदबाजी के बीच कप्तान रोहित शर्मा (53),इशान किशन (33) और के एल राहुल (39) की उपयोगी पारियों की मदद से भारत ने एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ 49.1 ओवर के खेल में 213 रन बनाये।

आर प्रेमदास स्टेडियम पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सधी शुरूआत की। रोहित शर्मा ने शुभमन गिल (19) के साथ पहले 11 ओवर में तेज गति से 80 रन जोड़े। तेज गेंदबाजो की धुनायी होते देख श्रीलंका के कप्तान दसून शनाका ने गेंद स्पिनरों को थमायी जिन्होने निराश नहीं किया। बीस वर्षीय वेल्लालगे ने सबसे पहले गिल को क्लीन बोल्ड आउट कर चलता किया जबकि अपने अगले ओवर में उन्होने विराट कोहली (3) को मिड विकेट पर कैच करा कर भारत को सबसे बड़ा झटका दिया।

भारतीयों के लिये खतरनाक बन चुके वेल्लालगे यहीं नहीं थमे और उन्होने रोहित शर्मा की गुल्लियां उड़ा कर विपक्षी टीम को बैकफुट पर ला दिया। मात्र 11 रनों के अंतर पर तीन अहम विकेट गंवाने के बाद इशान किशन और केएल राहुल ने धैर्य का परिचय देते हुये स्कोरबोर्ड को आगे चलाना शुरू किया। दोनो खिलाडियों ने चौथे विकेट के लिये महत्वपूर्ण 63 रन जोड़े मगर इस बीच राहुल वेल्लालगे की एक गेंद पर रिवर्स कैच थमा बैठे। हार्दिक पंड्या (5) और रवीन्द्र जडेजा (4) चरिथ असलंका के शिकार बने। उनके सस्ते में आउट होने से टीम पर फिर संकट के बादल मंडराने लगे। बुमराह (5) और कुलदीप यादव (0) के आउट होने के बाद भारतीय पारी के 200 रनों के भीतर सिमटने की संभावना प्रबल हो चुकी थी मगर आखिरी बल्लेबाज के तौर पर क्रीज पर उतरे मोहम्मद सिराज (5 नाबाद) ने अक्षर पटेल (26) का भरपूर साथ निभाते हुये स्कोर को 213 रनों तक पहुंचाने मे सफलता हासिल की।

वेल्लालगे के अलावा असलंका श्रीलंका की ओर से सर्वाधिक प्रभावी गेंदबाज बने जिन्होने नौ ओवरों में मात्र 18 रन खर्च कर चार विकेट अपनी झोली में डाले और स्पिन के खिलाफ भारत की मजबूत बल्लेबाजी को बौना साबित कर दिया।

## फिटनेस या परफॉर्मेंस नहीं, ग्रह-नक्षत्रों का हाल जानकर टीम इंडिया में मिलेगी एंट्री : रिपोर्ट



**नई दिल्ली**। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने दिल्ली-एनसीआर के एक एस्ट्रोलॉजर की सलाह पर जून-2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण एशियाई कप मैच के लिए राष्ट्रीय टीम का चयन किया था। चाहे खेल कोई भी हो टीम मैनेजमेंट खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस को ध्यान में रखकर टीम का चयन करती है। यह बात तो आम है क्योंकि हर कोई यही तरीका अपनाता है, लेकिन भारतीय फुटबॉल में तो खेल ही कुछ और चल रहा।

यहां कोच खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन और फिटनेस को ही टीम चुनने का आधार नहीं मानते बल्कि ज्योतिष विद्या को ज्यादा तवज्जो देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि एस्ट्रोलॉजर को भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मिलवाया था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, एआईएफएफ के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने स्वीकार किया है कि उन्होंने मई 2022 में कोच और एस्ट्रोलॉजर को एक-दूसरे से मिलवाया था। फिर, स्टिमक ने एस्ट्रोलॉजर को 11 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट भेजी। इस मैच को चैंपियनशिप की दौड़ में बने रहने के लिए भारत का जीतना जरूरी था। मैच 11 जून को होना था और लिस्ट 9 जून को शेयर की गई थी। एस्ट्रोलॉजर ने लिस्ट में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के नाम के आगे कमेंट किया। जिसमें उन्होंने लिखा, अच्छा, बहुत अच्छा कर सकता है तो कुछ के आगे रेड सिग्नल दिखाया। भारत ने मई और जून 2022 के दौरान चार मैच खेले। ये जॉर्डन, कंबोडिया, अफगानिस्तान और हांगकांग के खिलाफ थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि स्टिमक हर मैच से पहले खिलाड़ियों की लिस्ट एस्ट्रोलॉजर के साथ साझा करते थे। उन्होंने चोट संबंधी अपडेट और सब्स्टीट्यूट स्ट्रेटेजी भी शेयर की।

## डोपिंग टेस्ट में फेल होने पर पॉल पोग्बा पर लग सकता है बैन



नई दिल्ली। फ्रांसीसी मिडफील्डर पॉल पोग्बा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। डोपिंग टेस्ट में फेल होने के चलते उन्हें फुटबॉल से निलंबित कर दिया गया है। इटली के नेशनल एंटी-डोपिंग ट्रिब्यूनल ने सोमवार को यह फैसला लिया। इस फैसले से मिडफील्डर के खेल करियर पर बड़ा सवाल पैदा हो गया है। बीबीसी के अनुसार, ट्रिब्यूनल ने कहा कि 20 अगस्त को जुवेंटस ने 3-0 से यूडिनीस को मात दी थी। इस मैच में पोग्बा को बेंच पर ही रखा गया।

डोप टेस्ट में पोग्बा के सैंपल में टेस्टोस्टेरोन की मात्रा अधिक थी। एनएडीओ इटालिया ने कहा कि पोग्बा ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन किया था, जब उन्हें प्रतिबंधित पदार्थ गैर-अंतर्जात टेस्टोस्टेरोन मेटाबोलाइट्स मिला। टेस्टोस्टेरोन एक हार्मोन है, जो एथलीटों की सहनशक्ति को बढ़ाता है। पोग्बा के पास एनएडीओ को परिणाम का प्रति-विश्लेषण प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय है।

डोपिंग का दोषी पाए जाने पर उन्हें फुटबॉल से चार साल तक के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। जुवेंटस ने एक बयान जारी कर इसे स्वीकार किया और कहा कि वे अपने अगले कदम पर विचार कर रहे हैं। 2018 विश्व कप विजेता घुटने और हैमस्ट्रिंग की चोटों के कारण पिछले सीज़न में अधिकांश समय नहीं खेल पाए थे और घुटने की सर्जरी के कारण कतर में विश्व कप फाइनल में फ्रांस की दौड़ से भी अनुपस्थित रहे थे।

# भारत की टीम महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में अपने पहले मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। भारत की टीम रांची में 27 अक्टूबर को शुरू होने वाली झारखंड महिला एशियन चैंपियस ट्रॉफी हॉकी,2023 में अपने पहले मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी। एशियन महिला चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम की घोषणा एशियन हॉकी फेडरेशनइ (एएचएफ) और हॉकी इंडिया नश मंगलवार को की। छह देशों के इस राउंड रॉबिन टूर्नामेट में मेजबान भारत, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया व थाईलैंड की टीमें शिरकत करेंगी और सभी टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। भारतीय महिला हॉकी हांगजू (चीन) मे इसी महीने होने वाले एशियाई खेलों के बाद रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगी। महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का उदघाटन मैच मलयेशिया और जापान के बीच खेला जबकि दूसरा मैच चीन और दक्षिण कोरिया के बीच खेला जाएगा। छह देशों के इस टूर्नामेट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी।

जो भी टीम राउंड रॉबिन लीग की समाप्ति पर शीर्ष पर रहेगी वह पहले सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने के बीच खेला जाएगा।



■ भारतीय महिला टीम की कोशिश पहली बार खिताब जीतने की होगी

मौजूदा चैंपियन जापान की टीम को खिताब बरकरार रखने के लिए सबसे कड़ी चुनौती तीन बार चैंपियन रह चुकी दक्षिण कोरिया की महिला टीम से मिलेगी। दक्षिण कोरिया की टीम अब तक 2010, 2011 और 2016 की टीम ने अब तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब तीन बार जीता था।

मेजबान भारतीय महिला हॉकी टीम 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 2022 में कांसा और पहला महिला नेशंस कप हॉकी टूर्नामेंट जीत अच्छे रंग में दिखाई देती है। दरअसल भारतीय महिला हॉकी टीम के एशियन खेलों का प्रदर्शन भी बहुत हद तक उसका महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का प्रद र्शन तय करेगा ।मेजबान भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक 2016 और 2018 में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रही है। दो बार उपविजेता रही भारतीय टीम की कोशिश पहली बार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने की होगी ।भारतीय महिला हॉकी टीम 27 अक्टूबर को थाइचलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के बाद 28 अक्टूबर को मलयेशिया,30 अक्टूबर को चीन , 31 अक्टूबर को जापान तथा अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच में 2 नवंबर को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप तिर्की ने इस मौके पर कहा, हम एक और बड़े एशियाई हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 एक आयोजन साबित होगा और इसमें एशिया और दुनिया की कुछ शीर्ष टीमें शिरकत करेंगी। एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने कहा, हमारे एशियाई हॉकी समुदाय के लिए यह भावुक क्षण है। हम एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के शुरू होने की बेताबी से प्रतीक्षा कर रहे हैं। वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की रांची की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। इसमें हमारी भारतीय महिला टीम दुनियसा की कुछ मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। भारतीय महिला टीम बढिया प्रदर्शन करने में सक्षम है।

## सार संक्षेप

### हॉकी की प्रगति में सुरजीत हॉकी सोसायटी का अहम योगदान : चाहल

**जालंधर**। सुरजीत हॉकी सोसायटी ने मंगलवार को जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल को संरक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) मुखविंदर सिंह भुल्लर को सोसायटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप, महासचिव सुरिंदर सिंह भापा, सचिव रणबीर सिंह टुट, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरिंदर सिंह गिल, अरविंदर सिंह कुलार बिंदर (सोफी गांव) ने सोसायटी के संविधान के अनुसार कुलदीप चाहल और मुखविंदर सिंह भुल्लर को इस पद का नियुक्ति पत्र सौंपा । इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कुलदीप चाहल ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने पिछले 40 वर्षों में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है, उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान हॉकी टीम और ओलंपियन सुरजीत सिंह का नाम भी अमर कर दिया है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जालंधर मुखविंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि सुरजीत हॉकी सोसायटी का हॉकी की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है और अब जालंधर देश के प्रसिद्ध सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हम आगामी टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए समर्थन देंगे।

### डेनियल एबेन्यो, अल्माज आयान लेंगी वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा

**नई दिल्ली**। केन्या के 10,000 मीटर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और रियो ओलंपिक चैंपियन इथियोपिया के अल्माज़ अयाना 15 अक्टूबर को यहां वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा लेंगे। दो लाख 68 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस में दुनिया के सबसे तेज़ धावकों में से एक हिस्सा बनेंगे। अयाना ने 2016 ओलंपिक में 10,000 मीटर चैंपियन रहने के साथ साथ 2015 में 5,000 मीटर और 2017 में 10,000 मीटर में लगातार दो विश्व खिताब जीते। उन्होने वार्षिक खेल के 13वें संस्करण में जीत हासिल करने के लिए

## सुडोकू 6315 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

| SENSEX | BSE 67221.13 ▲ 94.05 | NSE 19993.20 ▼ 03.15 | MCX Gold 58556 ▼ 374 | silver 71555 ▲ 387 |
|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की बढ़त

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ 82.93 पर पहुंच गया। विदेश मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के नरम रुख और सकारात्मक घरेलू बाजारों से समर्थन मिलने के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.93 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में 10 पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## कोल इंडिया 61 संपर्क परियोजनाओं पर 24,750 करोड़ रुपये का निवेश करेगी



**नयी दिल्ली**, सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पर्यावरण-अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा देने के लिए अगले कुछ साल में 61 संपर्क परियोजनाओं (एफएमसी) पर 24,750 करोड़ रुपये पूंजी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया ने बयान में कहा कि खदानों से निकलने वाले कोयले को नजदीकी परिवहन केंद्र तक पहुंचाने से संबंधित ये परियोजनाएं तीन चरणों में स्थापित की जाएंगी। एफएमसी परियोजनाएं पूरी होने पर इनकी कुल वहन क्षमता 76.35 करोड़ टन की होगी। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोयला परिवहन का पर्यावरण अनुकूल होना जरूरी है ताकि कोयला खदानों के आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं कोयले की धूल से होने वाले प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ सड़क परिवहन पर बोझ को भी कम करती हैं। इससे सटीक मात्रा में और गुणवत्ता वाले कोयले का लदान हो पाता है। पहले चरण में 35 एफएमसी परियोजनाओं पर 10,750 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया जाएगा।

# सब्जियों की कीमतों में कमी के चलते खुदरा महंगाई दर में गिरावट

## अगस्त में 6.83 प्रतिशत रही खुदरा महंगाई



**नई दिल्ली।** खाने पीने की चीजों खासतौर से टमाटर की कीमतों में कमी के चलते अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर के आंकड़ों में गिरावट आई है. अगस्त में खुदरा महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी रही है जो जुलाई में 15 महीने के हाई 7.44 फीसदी पर जा पहुंची थी.जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी और बीते वर्ष अगस्त 2022 में खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी रही थी. अगस्त में भले ही खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई हो लेकिन ये अभी भी आरबीआई के टोलरेंस बैंड के अपर लेवल 6 फीसदी से ऊपर बना हुआ है.

**खाद्य महंगाई दर में गिरावट**


सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 7.63 फीसदी से घटकर 7.02 फीसदी रही है जबकि शहरी इलाकों में महंगाई दर 7.20 फीसदी से घटकर 6.59 फीसदी पर आ गई है. वहीं अगस्त महीने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में जुलाई के मुकाबले गिरावट देखने को मिली है और ये 10 फीसदी के नीचे जा पहुंचा है. अगस्त में खाद्य महंगाई दर घटकर 9.94 फीसदी पर आ गई है जो जुलाई में 11.51 फीसदी रही थी.

**खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों का हाल**-अगस्त में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 26.14 फीसदी पर आ गई जो जुलाई में 37.34 फीसदी रही थी. दालों की महंगाई दर में भी मामूली गिराटट आई है और ये घटकर 13.04 फीसदी पर आ गई है जो अगस्त में 13.27 फीसदी रही थी. मसालों की महंगाई दर में बढ़ोतरी आई है और ये बढ़कर 23.19 फीसदी पर जा पहुंची है जो जुलाई में 21.53 फीसदी थी. दूध और उससे जुड़े प्रोडक्टस की महंगाई दर 7.73 फीसदी रही है जो जुलाई 2023 में 8.34 फीसदी थी. यानि दूध और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई में कमी आई है. अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 11.85 फीसदी रही है जो बीते महीने 13.04 फीसदी रही थी. ऑयल एंड फैट्स की महंगाई दर -15.28 फीसदी रही है जो जुलाई में -16.80 फीसदी रही थी.

**आरबीआई के टोलरेंस बैंड के ऊपर है महंगाई दर**-अगस्त में भले ही खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी के नीचे 6.83 फीसदी पर आ गया हो लेकिन ये अभी भी आरबीआई के टोलरेंस बैंड के ऊपर बना हुआ है. महंगाई को लेकर आरबीआई ने 2 से 6 फीसदी का टोलरेंस बैंड फिक्स किया हुआ है. अगस्त में खुदरा महंगाई दर आरबीआई के टोलरेंस बैंड के अपर लेवल 6 फीसदी के ऊपर बना हुआ है।

# सेंसेक्स लगातार 8वें दिन चढ़कर 67,221 पर बंद

## रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद निफ्टी में मामूली गिरावट



*मुंबई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 94.05 अंक या 0.14 प्रतिशत चढ़कर 67,221.13 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 412.02 अंक या 0.61 प्रतिशत उछलकर 67,539.10 पर पहुंच गया था। वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स ने मंगलवार को लगातार आठवें दिन अपनी तेजी जारी रखी जबकि निफ्टी एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।*

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 94.05 अंक या 0.14 प्रतिशत चढ़कर 67,221.13 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 412.02 अंक या 0.61 प्रतिशत उछलकर 67,539.10 पर पहुंच गया था। हालांकि, निफ्टी ने अपनी तेजी को गंवा दिया और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 3.15 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 19,993.20 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 114 अंक या 0.57 प्रतिशत चढ़कर 20,110.35 के अपने नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

**टॉप गेनस**-सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे ज्यादा 2.91 प्रतिशत चढ़ा। साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, आईटीसी और सन फार्मा के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

**पावर ग्रिड समेत इन शेयरों में आई गिरावट**-दूसरी तरफ, पावर ग्रिड के शेयर में सबसे ज्यादा 3.48 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी गिरावट में बंद हुए।

**एशियाई बाजारों की स्थिति**-एशियाई बाजारों में केवल टोक्यो का शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ जबकि सियोल, शंघाई और हांगकांग गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, यूरोपीय बाजारों में मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे और अमेरिकी शेयर सोमवार को मजबूती लेकर बंद हुए। स्टॉक एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूरी तरह से खरीदार रहे और उन्होंने 1,473.09 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। इससे पहले सोमवार को सेंसेक्स फिर से 67,000 के पार पहुंच गया ।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई फेरबदल नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.39 फीसदी की बढ़त के साथ 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.41 डॉलर यानी 0.47 फीसदी की उछाल के साथ 87.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सियाम से कहा- यह ग्रीन एनर्जी का वक्त, पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों से नहीं बनेगी बात



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाहन निर्माताओं से कॉर्बन उत्सर्जन कम करने के लिए प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्थायी गतिशील इकोसिस्टम इस वक्त की मांग है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 63वें वार्षिक सम्मेलन में एक संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि गतिशीलता यानी बदलाव आज के भारत में विकास का एक प्रमुख जरूरत है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज समय की मांग एक मोबिलिटी इकोसिस्टम विकसित करने की है जो टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल हो। पर्यावरण के प्रति जागरूक और आर्थिक रूप से संतुलित मोबिलिटी ही भविष्य है।'उन्होंने कहा, 'पावरट्रेन टेक्नोलॉजी की की एक बड़ी चेन के साथ वाहनों की शुरूआत के जरिये डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में भारतीय ऑटो इंडस्ट्री के प्रयास उल्लेखनीय हैं। आज, हमारे पास इथेनॉल, फ्लेक्स-फ्यूल, सीएनजी, बायो-सीएनजी, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसी कई ऑप्शनल टेक्नोलॉजी पर चलने वाले वाहन हैं। कार्बन उत्सर्जन और तेल आयात पर हमारे देश की निर्भरता दोनों को कम करने के लिए इस तरह के ठोस प्रयासों को जारी रखने और बढ़ाने की आवश्यकता है।'प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत की ऑटो इंडस्ट्री अपने वैल्यू क्रिएशन साइकल में उत्प्रेरक और लाभार्थी दोनों रहा है। इसने करोड़ों लोगों के लिए रोजगार पैदा किया है और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि साथ ही इंडस्ट्री को आर्थिक वृद्धि के कारण पैदा हुई मांग से भी फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी नेसियाम से कहा कि 2047 तक, जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, यह एक सही समय है जब मजबूत, टिकाऊ, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को साकार करने लिए विचार किया जाए। भारत 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और 2070 तक शुद्ध कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत ने चीनी स्टील पर 5 साल के लिए लगाया एंटी-डंपिंग शुल्क

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कुछ चीनी स्टील पर पांच साल के लिए एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया। एक सरकारी अधिसूचना के जरिए यह जानकारी दी गई है। 4 सितंबर को भारत के इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि स्टील इंडस्ट्रीज द्वारा चीनी विक्रेताओं द्वारा संभावित डंपिंग पर चिंता जताए जाने के बाद नई दिल्ली इस्पात आयात की स्थिति की निगरानी कर रही है। चीन दुनिया का शीर्ष इस्पात उत्पादक है। यह भारत को ज्यादातर कोल्ड-रोल्ड कॉइल या शीट निर्यात करता है। अप्रैल-जुलाई के दौरान दक्षिण कोरिया के बाद चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात निर्यातक था, जिसने 0.6 मिलियन मीट्रिक टन की बिक्री की। यह एक साल पहले की समान अवधि से 62 फीसद अधिक थी। कुल मिलाकर भारत ने इस अवधि में 2 मिलियन मीट्रिक टन तैयार स्टील का आयात किया, जो 2020 के बाद से सबसे अधिक और एक साल पहले से 23 फीसद अधिक है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60500चांदी टंच- 72800
चांदी रिफाइन -74000

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन
भाव-60500चांदी टंच- 72800
चांदी रिफाइन -74000


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.92 |
| एक यूरो | 88.82 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.44 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.17 |
| एक जापानी येन | 0.56 |



## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा जीएसटी वाली बात गलत- नितिन गडकरी



*नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उन रिपोर्टों को गलत ठहराया है जिनमें दावा किया गया है कि वह डीजल वाहनों की खरीद पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के सामने करने के लिए तैयार हैं।*

उन्होंने मीडिया रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि 'डीजल वाहनों की बिक्री पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त वस्तु एवं सेवा कर का सुझाव देने वाली मीडिया रिपोर्टों को स्पष्ट करने की तत्काल आवश्यकता है।'गडकरी ने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर ट्वीट किया और कहा कि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सरकार की तरफ से ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, '2070 तक कार्बन नेट जीरो हासिल करने और डीजल जैसे खतरनाक ईंधन के कारण होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के साथ-साथ ऑटोमोबाइल की बिक्री में तेजी से वृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप, सक्रिय रूप से स्वच्छ और हरित ईंधन को अपनाना जरूरी है।' ये ईंधन आयात के विकल्प के तौर पर, लागत प्रभावी, स्वदेशी और प्रदूषण मुक्त होने चाहिए।'

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि केंद्रीय मंत्री भारत में डीजल कारों की खरीद पर 10 फीसदी अतिरिक्त तस्ङ्ग का प्रस्ताव देने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया था कि गडकरी ने वाहन निर्माताओं को अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बेचना जारी रखने पर बढ़े हुए शुल्क के बारे में आगाह किया। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, गडकरी की टिप्पणी नई दिल्ली वाहन निर्माता कॉन्फ्रेंस के दौरान आई जहां टाटा मोटर्स, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, मारुति सुजूकी और मर्सिडीज और फोक्सवैगन जैसी विदेशी कार कंपनियों के अधिकारी शामिल होने आए हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई दिल्ली वाहन निर्माता सम्मेलन में गडकरी ने कहा कि वह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से डीजल वाहनों पर 'अतिरिक्त 10 फीसदी' जीएसटी लगाने के लिए कहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 के बाद से डीजल कारों के प्रोडक्शन में गिरावट आई है, जब उनका कुल उत्पादन में 52 प्रतिशत हिस्सा था, लेकिन अब उनका हिस्सा 18 प्रतिशत है। वर्तमान में, सरकार डीजल कारों पर 28 प्रतिशत टैक्स लगाती है, और वाहनों की इंजन क्षमता के आधार पर अतिरिक्त उपकर लगाया जाता है।

**रिपोर्ट के बाद शेयरों में गिरावट**

रिपोर्ट सामने आने के बाद मंगलवार को ऑटो और संबंधित कंपनियों के शेयर 4 फीसदी तक गिर गए। द इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अशोक लीलैंड और टाटा मोटर्स में प्रत्येक तीन प्रतिशत की गिरावट आई, और मारुति और हीरो मोटोकॉर्प में क्रमश: 0.5 प्रतिशत और 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई और गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

# अल्ट्राटेक सीमेंट ने चेक डैम बनाने में की सहायता, 10 गावों के 25,000 ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**जबलपुर।** भारत की सबसे बड़ी सीमेंट और रेडी मिक्स कॉन्क्रीट (आरएमसी) कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट मैहर सीमेंट वर्क्स ने हाल ही में एक चेक डैम के निर्माण में ग्रामीणों की मदद की जो स्थानीय स्तर पर पानी के भंडारण को सुलभ बनाएगा।चेक डैम वे छोटे बांध होते हैं जो भूमिगतजल को बहाल करने और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं। ऐसी उम्मीद है कि यह बांध स्थानीय स्तर पर दस गांवों में भूजल स्तर बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे घरों और खेती के लिए पानी का एक स्थायी स्त्रोत मिल सकेगा जिससे 25,000 से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

दो साल में सोनवारी गांव में तमस नदी पर 48 लाख गैलन भंडारण क्षमता का 4.7 मीटर चौड़ा, 36 मीटर लंबा और 3 मीटर ऊंचा चेक डैम बनकर तैयार हो गया। तमस नदी, जो गंगा की एक सहायक नदी है, मध्य प्रदेश के सतना जिले से होकर बहती है जहाँ मैहर सीमेंट वर्क्स स्थित है। तमस गंगा की एक सहायक नदी है, जो मध्य प्रदेश के सतना से होकर बहती है जहाँ मैहर सीमेंट वर्क्स स्थित है। यह नदी आसपास के गांवों को उपजाऊ बनाए रखने में मदद करती है और कृषि के लिए पानी उपलब्ध कराती है। हालाँकि, गर्मियों में यह नदी सूख जाती है जिससे भूजल में कमी आती है और इन गाँवों में बोरवेल सूख जाते हैं।

गर्मियों के दौरान पानी की भारी कमी का असर कृषि और स्थानीय लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए, अल्ट्राटेक की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट मैहर सीमेंट वर्क्स की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉंसबिलिटी (सीएसआर) टीम ने नदी पर एक चेक बांध बनाने में मदद करने का फैसला किया। यूनिट टीम ने स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, सतना जिला प्रशासन और स्थानीय ग्रामीण समुदायों को सहयोग किया ।

# एलन मस्क की सैटेलाइट कंपनी कर सकती है भारत में एंट्री, स्टारलिंक को जल्द लाइसेंस मिलने की उम्मीद



*नई दिल्ली। वर्तमान में, मुकेश अंबानी की जियो और सुनील मित्तल समर्थित वन वेब के पास भारत में जीएमपीसीएस लाइसेंस हैं दुनिया के सबसे अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती है।*

टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक, कंपनी को जल्द ही दूरसंचार मंत्रालय से इसकी अनुमति मिल सकती है। सैटेलाइट कंपनी स्टारलिंक करीब एक महीने से भारत में अपनी सर्विस शुरू करने की कोशिश कर रही है लेकिन कुछ कारणों की वजह से इसे गृह मंत्रालय से परमिशन नहीं मिल पा रही है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है मंत्रालय सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन सर्विस लाइसेंस के लिए स्टारलिंक के प्रपोजल पर विचार कर सकता है। सूत्र ने यह भी कहा कि इस लाइसेंस के पास होने की भी उम्मीद है। हालांकि, कुछ अड़चनों से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जीएमपीसीएस के बाद स्टारलिंक को सरकार के कई विभागों और भारत के स्पेस मंत्रालय से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद, कंपनी अपने ऑपरेशन को देशभर में शुरू कर सकती है। वर्तमान में, मुकेश अंबानी की जियो और सुनील मित्तल समर्थित वन वेब के पास भारत में जीएमपीसीएस लाइसेंस हैं। जियो की साझेदारी लक्जमबर्ग की कंपनी स्ध्वस् के साथ है। जेफ बेजोस के पास भी 'कुइपर' नाम का इसी तरह का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यह अभी तक भारत में नहीं आया है। **2021 में दूरसंचार मंत्रालय ने स्टारलिंक को लगाई थी फटकार**- स्टारलिंक को 2021 में दूरसंचार मंत्रालय द्वारा फटकार लगाई गई थी जब उसने बिना लाइसेंस के भारत में अपने डिवाइस के लिए एडवांस ऑर्डर लेना शुरू कर दिया था। लगभग 5,000 ग्राहकों ने अपने प्री-ऑर्डर लगभग 99 डॉलर की कीमत पर दिए थे।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# 14 सितंबर से पूरे प्रदेश में जमकर बरसेंगे बदरा, कई जिलों के लिए जारी हुआ येलो अलर्ट

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में फिलहाल हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तरी और पश्चिमी मध्यप्रदेश में चक्रवाती हवाओं के चलते ऐसा हो रहा है। अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। 14 सितंबर से मौसम करवट लेगा और पूरे प्रदेश में तेज बारिश की संभावना बनेगी। मौसम विभाग ने छह संभागों के जिलों में वज्रपात की येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे के लिए सिवनी, मंडला, बालाघाट और मुरैना जिलों में मध्यम से भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। रीवा, सागर, शहडोल, भोपाल, नर्मदापुरम और ग्वालियर संभागों के जिलों के साथ ही कुछ अन्य जिलों में वज्रपात के लिए येलो अलर्ट



जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। इसकी वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश होने का अनुमान है। 20 सितंबर तक इस नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की स्थिति बन सकती है।

अभी उत्तरी और पश्चिम मध्यप्रदेश के चंबल, विंध्य और बुंदेलखंड के कुछ क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। शाजापुर, उज्जैन, झाबुआ में भी हल्की बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। इसका असर अगले हफ्ते देखने को मिलेगा। यह पूरे प्रदेश में प्रभाव दिखाएगा। 14 से 20 सितंबर तक पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### वज्रपात की चेतावनी

मौसम विभाग ने सिवनी, मंडला, बालाघाट और मुरैना जिलों के लिए मध्यम से भारी वर्षा/वज्रपात का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही रीवा, सागर, शहडोल, भोपाल, नर्मदापुरम और ग्वालियर संभागों के जिलों में तथा छिंदवाड़ा, भिंड, डिंडोरी, श्योपुर कलां, बुरहानपुर और कटनी जिलों में कहीं-कहीं गरज चमक और वज्रपात की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# उमरिया में अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही, सात दुकानों के बीज लाइसेंस निलंबित

## जांच में गुणवत्ताहीन निकले थे सैंपल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में गुणवत्ताहीन बीज विक्रेताओं के विरूद्ध कृषि विभाग द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए सात दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। दुकानदार अमानक क्वालिटी के बीज बेच रहे थे, जिसकी शिकायत मिलने के बाद किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के उप संचालक खेलावन डेहरिया ने निरीक्षकों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उमरिया में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कुल सात संस्थानों से बीज के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जहां से बीजों के गुणवत्ताहीन होने की रिपोर्ट आई।

इस रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विक्रेताओं को सूचना पत्र जारी किया गया। उप संचालक खेलावन डेहरिया ने बताया, सात संचालकों में से पांच ने पत्र का जवाब दिया। जबकि दो ने इसका उत्तर देना भी मुनासिब नहीं समझा। समाधानकारक नहीं पाए जाने और दो द्वारा उत्तर नहीं देने के कारण सभी विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। बताया गया है कि कृषि विभाग द्वारा मेसर्स सतीष बीज भंडार ग्राम बिलासपुर से मक्का, मेसर्स कृषि विकास केन्द्र ग्राम चिल्हारी से धान, मेसर्स महाकाल बीच भंडार से तिल, मेसर्स शक्ति सीड सप्लाई उमरिया से धान, मेसर्स लक्ष्मी बीज भंडार मानपुर से धान, मेसर्स गुप्ता कृषि केन्द्र पाली से धान तथा मेसर्स शर्मा बीज भंडार करकेली से धान बीज के सैंपल लिए गए थे, जो अमानक पाए गए, जिसके बाद सभी दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

# पमरे से गुजरेगी नई ट्रेन वेरावल-बनारस-वेरावल सुपरफास्ट, इन स्टेशनों के यात्रियों को मिलेगा लाभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे की यात्री सुविधाओं में विस्तार करते हुए नई ट्रेनों की सौगात में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा होकर वेरावल से बनारस के मध्य नई ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह साप्ताहिक गाड़ी संख्या 12945/12946 वेरावल-बनारस-वेरावल के मध्य नियमित रूप से बुधवार 13 सितम्बर को बनारस से एवं सोमवार, 18 सितम्बर को वेरावल से चलेगी। नई ट्रेन गाड़ी संख्या 12945/12946 वेरावल-बनारस-वेरावल सुपरफास्ट ट्रेन कि पमरे से गुजरने वाली स्टेशनों की समय सारणी (नियमित सेवा) इस प्रकार है।

18 सितम्बर से नियमित सेवा गाड़ी संख्या 12945 वेरावल से बनारस सुपरफास्ट ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रत्येक सोमवार सुबह 04.15 बजे प्रस्थान कर कोटा मण्डल के शामगढ़ 21.28 बजे, कोटा 23.35 बजे एवं अगले दिन गंगापुर सिटी रात 01.38 बजे आगमन कर बनारस 14.35 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार 13 सितम्बर से नियमित सेवा गाड़ी संख्या 12946 बनारस से वेरावल के लिए प्रस्थान अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रत्येक बुधवार सुबह 07.30 बजे प्रस्थान कर कोटा मंडल के गंगापुर सिटी 20.20 बजे, कोटा 22.30 बजे एवं अगले दिन 00.13 बजे शामगढ़ आगमन कर वेरावल 18.45 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी का ठहराव स्टेशन- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में वेरावल-बनारस-वेरावल के मध्य जूनागढ़, जेतलसर, वाडिया देवली, कुंकावाव, चीतल, खिजडिया, लाठी, ढोला जं., बोटाद, धंधुका, सरखेज, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, शामगढ़, कोटा, गंगापुर सिटी, आगरा फोर्ट, इटावा, गोविंदपुरी और प्रयागराज स्टेशनों पर रुकेगी।

## सिकंदराबाद मंडल में एन.आई. कार्य के चलते संघमित्रा सहित कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-बल्लारशाह खंड के मध्य तीसरी लाइन की कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के चलते पमरे से होकर गुजरने वाली कुछ यात्री गाडियां परिवर्तित मार्ग से होकर गन्तव्य को जाएंगी।

### मार्ग परिवर्तित गाडियां

गाड़ी संख्या 12295/12296 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु संघमित्रा एक्सप्रेस 21 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए धर्मावरम जंक्शन-वाडी-दौंड जंक्शन-मनमाड़-इटारसी जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 12592 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 25 सितंबर को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए सिकंदराबाद-मुदखेड़ जंक्शन-पिंपल खुटी-माजरी जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 12578 मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस 22 सितंबर से प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए पेद्दपल्ली जंक्शन-मुदखेड़ जंक्शन-पिंपल खुटी-माजरी जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 12649 यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 22, 23, 24, 25 सितंबर 2023 को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर निर्धारित रूट के बजाए गुंटकल-वाडी-करवन्दिया-मनमाड़-जलगाँव-भुसावल-खंडवा-इटारसी जंक्शन रूट से गंतव्य को जाएगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12650 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर एक्सप्रेस 18,19, 21, 23, 24, 25 सितम्बर को प्रारंभिक स्टेशन से चलकर अपने निर्धारित रूट के बजाए इटारसी जंक्शन-खंडवा-भुसावल-जलगाँव-मनमाड-करवन्दिया-वाडी-गुंटकल रूट से गंतव्य को जाएगी।

### जबलपुर-यशवंतपुर सहित कुछ गाडियों का सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर नहीं रहेगा ठहराव

अपने प्रारंभिक स्टेशन से 23 सितंबर को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 20 सितंबर एवं 25 सितंबर को प्रस्थान कर गन्तव्य को जाने वाली गाड़ी संख्या 12976 जयपुर-मैसूर एक्सप्रेस, 21 सितंबर को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12975 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस, 21 सितंबर को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22684 लखनऊ-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 23 सितंबर को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 05215 बरौनी-यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल, 21 सितंबर को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, मैदान में उतरे नपा अध्यक्ष

कचरे के ढेर को जेसीबी से हटवाया

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 5 दिनों से जारी है। हड़ताल की वजह से नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। चारों ओर गंदगी का आलम है। इसको देखते हुए नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने स्वयं कमान संभाली है। पार्षदों और नपा कर्मियों को साथ लेकर जेसीबी की मदद से नगर में लगे कचरे के ढेरों को गाड़ियों में डालकर सफाई करने में जुटे हुए हैं। नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने बताया कि सफाई कर्मियों की हड़ताल की वजह से शहर की बिगड़ती स्थिति को देख हम स्वयं मशीन और पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों को लेकर सफाई



व्यवस्था के लिए निकल गए हैं। साथ ही उन्होंने हड़ताल खत्म किये जाने संबंधी प्रयास के सवाल पर कहा कि अभी पीआईसी की बैठक रखी गई है और उनकी जो मांगे हम पूरी कर सकते हैं, उन्हें पास करके शासन को भेज देंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हमारे बस में है वो हम कर रहे हैं लेकिन कुछ चीजें शासन के नियंत्रण की हैं।

# अनूपपुर में फिर लौटा हाथियों का झुंड, वन विभाग ग्रामीणों को किया अलर्ट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले के कोतमा तहसील व वन परिक्षेत्र के पोड़ी गांव से लगे भेड़वा नाला के पास पांच हाथियों के झुंड को देखे जाने के बाद ग्रामीणों में एक बार फिर दहशत है। जिसके लिये वन विभाग इन हाथियों पर लगातार नजर बनाये हुये हैं। बताया जा रहा है कि पांच हाथियों का समूह 30 दिनों बाद पुनः छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश की सीमा में वापस आ गया है। मंगलवार की सुबह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत कोतमा तहसील व वन परीक्षेत्र के पोड़ी गांव से लगे भेड़वा नाला के राजस्व क्षेत्र के जंगल में पहुंच कर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के समूह के आने पर वन विभाग का अमला मुस्तैदी से लगा हुआ है। वहीं ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक जाने से रोका जा रहा है। वहीं 41 हाथियों का समूह छत्तीसगढ़



के कोरबा जिला अंतर्गत पसान वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। जिसके छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से मरवाही जिले की ओर आने की संभावना बन रही है।

4 जुलाई से 13 अगस्त के मध्य 40 दिन तक पांच हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्र में भ्रमण कर वापस छत्तीसगढ़ चला गया था। हाथियों के समूह ने 40 दिनों तक ग्रामीण अंचल के ग्रामीण के घरों को तोड़फोड़ कर बाडियों में लगे गन्ना, केला, कटहल व अन्य तरह की फसलों के साथ खेतों में लगी धान व अन्य तरह की फसलों को नुकसान पहुंचाया था। एक बार फिर से हाथियों का समूह मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश कर गया है। जिसके कारण भविष्य में मध्यप्रदेश के सीमा में एक बार फिर से हाथियों का बड़ा दल के आने की संभावना बन रही है।

# सतना के जिला अस्पताल में आशा कार्यकर्ताओं के बीच झोंटा पकड़, जमकर चले लात घूंसे



**सतना, देशबन्धु।** सतना शहर के जिला अस्पताल से हैरान करने वाला मामला सामने आया। यहां अपने मरीज को डॉक्टर से पहले दिखाने के चक्कर में दो आशा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों के बीच चप्पल और लात-घूंसे चले। हालांकि, इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेकिन पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हॉस्पिटल के अंदर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो आशा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गईं। इन्होंने एक दूसरे के बाल पड़कर जमीन में पटक दिया और एक दूसरे को चप्पल और लात घूसों से पीटा। सतना जिला अस्पताल के गायनिक ओपीडी में दोनों आशा कार्यकर्ता अपने-अपने मरीज को लेकर पहुंची थीं। इसी दौरान डॉक्टर को पहले दिखाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। बातों-बातों में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट इस हद तक उतर आई कि एक आशा कार्यकर्ता ने दूसरी को जमीन पर लिटा-लिटा कर खूब चप्पल से हाथ साफ किए गए। आशा कार्यकर्ताओं का झगड़ा देख आसपास मौजूद इलाज कराने आए लोगों ने बीच-बचाव करके दोनों को अलग किया। तब कहीं जाकर लड़ाई शांत हुई। फिलहाल, इस घटना की कोई शिकायत थाने तक नहीं पहुंची है। लेकिन वायरल वीडियो सतना जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल जरूर खोल रहा है।

# अनूपपुर कलेक्टर पर 25 हजार का जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अनूपपुर कलेक्टर पर 25 हजार रुपये की कॉस्ट लगाई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष पूर्व आदेश के परिपालन में कलेक्टर ने शपथ पत्र पेश स्वीकार किया कि बिना क्षेत्राधिकार के उन्होनें स्थगन आदेश दिया। जिस पर न्यायालय ने कलेक्टर 15 मार्च 2019 के आदेश को निरस्त कर मामले का पटाक्षेप कर दिया।हाईकोर्ट में यह मामला अनूपपुर बिजुरी निवासी नीलिमा शुक्ला, अमित कुमार पांडे, अंकित पांडे व रेणुका शुक्ला सहित सात लोगों की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कलेक्टर के 15 मार्च 2019 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिस पर उन्होने भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के भुगतान पर रोक लगा दी थी। आवेदको की ओर से कहा गया कि उनकी भूमि साउथ ईस्टन कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) ने अधिग्रहीत की थी। अधिग्रहण के बाद कुछ लोगों ने कोतमा व्यवहार न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें स्थगन प्राप्त नहीं हुआ। जिसके बाद उन्होने अनपूपुर कलेक्टर के समक्ष आवेदन दिया। कलेक्टर ने बिना किसी प्रावधान के मुआवजे के भुगतान पर रोक लगा दी। मामले में एक सितंबर 2023 को हुई सुनवाई दौरान न्यायालय ने कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र पर यह बताने के निर्देश दिये थे कि उन्होंने किस प्रावधान में यह स्थगन जारी किया।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 126
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 130
मुर्गा जम्बो - रु. 130
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPON
JAWAN
WEDNESDAY OFFER NOT VALID ON MOVIE OF JAWAN
09:00 AM 10:00 AM
12:00 PM 01:00 PM
02:15 PM 03:15 PM
04:30 PM 06:30 PM
07:30 PM 09:00 PM
10:00 PM 10:55 PM
GADAR-2
11:00 AM
05:30 PM
DREAM GIRL-2
09:00 AM
01:45 PM
08:30 PM
11:00 PM
THE NUN II
11:30 AM
04:15 PM
06:45 PM